


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026




वर्ष 36 अंक 07 | कोरबा, रविवार, दिनांक 06 अक्टूबर 2024 डाक 07 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में सशस्त्र सेना महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए



**देश-विदेश**
तिरुपति लड्डू विवादः जिसे टेंडर मिला, उसने बनाया ही नहीं घी, तीन कंपनियों ने मिलकर किया घालमेल



**कोरिया जिला**
पालिटेक्निक कालेज शुरु, सिविल और माईनिंग की होगी पढ़ाई



# चेन्नई के आसमान में राफेल और सुखोई ने दिखाई ताकत, वायुसेना के एयर शो में दिखा अद्भुत नजारा

**चेन्नई, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**



अपनी 92वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारतीय वायु सेना ने आज तमिलनाडु के चेन्नई मरीना एयरफील्ड में एक एयर एडवेंचर शो का आयोजन किया। 21 सालों में पहली बार चेन्नई ने वायुसेना दिवस समारोह की मेजबानी की। इस बार यह समारोह पहले से कहीं ज्यादा भव्य हो रहा है। इस मौके पर मरीना बीच पर एक शानदार एयर शो के साथ भारतीय वायुसेना लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराने की भी कोशिश की जाएगी। राफेल और सुखोई के करतब देखने के लिए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन मौके पर पहुंचे।वहीं, हजारों-लाखों लोग समारोह का मजा लेने पहुंचे हैं। इतना ही नहीं दिव्यांगों के बीच भी जमकर उत्साह देखा जा रहा। वायुसेना के मुताबिक, मरीना बीच पर होने वाले भव्य एयर शो में हिस्सा के लेने के लिए सुलूर, तंजावुर, तांबरम, अरक्कोणम और बेंगलुरु से भारतीय वायुसेना के 72 जहाज उड़ान भरी, जो पूर्वी तट पर मिलेंगे। इस एयर शो में भारत का गौरव कहे जाने वाला स्वदेश में बना लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस के साथ-साथ राफेल, मिग-29 और सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटरजेट भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा बने। इसके अलावा सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने भी अपने हवाई करतब दिखाए। साथ ही, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव एमके4 ने भी हिस्सा लिया। इसके अलावा नौसेना के पी8आई और विंटेज डकोटा भी फ्लाईपास्ट में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में एयर एक्सरसाइज के अलावा सागर, आकाश, एरोहेड, त्रिशूल, रुद्र और ध्वज जैसी फॉरमेशंस भी दिखाई जाएंगी। पिछले कुछ सालों से भारतीय वायुसेना अलग-अलग शहरों में वायुसेना दिवस समारोह आयोजित कर रही है। पिछले साल प्रयागराज में और उससे पिछले साल चंडीगढ़ में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस साल चेन्नई में कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे वायुसेना की कोशिश है कि शो को जनता के करीब लाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग देश की हवाई क्षमताओं के साक्षी बनें।

**अब कोई अभया न हो, ये हमारी जिम्मेदारी**

# अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे डॉक्टर्स अपनी मांगों पर अड़े



**कोलकाता, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना के विरोध में और अपनी मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टर्स का विरोध प्रदर्शन अब अनिश्चितकालीन धरने में बदल गया है। इससे पहले डॉक्टर्स ने राज्य सरकार को उनकी मांगों पर अमल करने के लिए 24 घंटे का वक्त दिया था, लेकिन जब सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो डॉक्टर्स ने शनिवार रात साढ़े आठ बजे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

धरने पर बैठी एक जूनियर डॉक्टर ने कहा कि जब तक हमारी न्याय की मांग नहीं मानी जाती तब तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। अभया के साथ जब दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या हुई, उससे पहले उसे कई बार धमकियां मिलीं। कोई भी अभया हो सकता है। ऐसे में ये हमारी जिम्मेदारी है कि अब कोई और अभया न हो। एक तरह हम भूख हड़ताल कर रहे हैं और दूसरी तरफ हम देख रहे हैं कि एक और नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हो गई है। आरजी कर की घटना के बाद कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। हम सभी डॉक्टर्स धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और सिर्फ छह ड्यूटी कर रहे हैं ताकि नवरात्रि के दौरान किसी मरीज को परेशानी न हो।

## चर्च में शॉर्ट सर्किट की घटना से मचा हड़कंप

*दुर्ग। भिलाई के सेक्टर 6 थाना अंतर्गत स्थित क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च शनिवार रात शॉर्ट सर्किट की घटना से दहल गया। यहां इलेक्ट्रिक स्पार्किंग इतनी अधिक हो रही थी मानो चर्च के अंदर दिवाली की आतिशबाजी हो रही हो। जानकारी के मुताबिक सेक्टर 6 कम्युनिटी चर्च में शनिवार को राज्य स्तरीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन था। शाम को सभी प्रतिभागी वहां पहुंचे थे। आयोजन के दौरान ही रात में अचानक वहां शार्ट सर्किट हो गया।*

## हॉस्टल में खाने के बाद बिगड़ी छात्राओं की तबियत अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** महाराष्ट्र के लातूर जिले के पूरणमल लाहोटी पॉलिटेक्निक गर्ल्स हॉस्टल में लड़कियों की अचानक रात में तबीयत खराब हो गई। हॉस्टल में देर रात खाना खाने के बाद 50 से अधिक लड़कियां उल्टी करने लगीं। तबीयत बिगड़ने के बाद सभी छात्राओं को ऑस्पताल ले जाया गया। जरूरी इलाज के बाद कुछ छात्रों को वापस हॉस्टल भेजा गया। बताया जा रहा कि लड़कियों को फूड प्वॉजनिंग की शिकायत थी। हॉस्टल में 324 छात्राएं रहती हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम करीब सात बजे छात्रों ने चावल, चपाती, भिंडी की सब्जी और दाल पी थी।

# आग लगने से परिवार के सात लोगों की मौत, मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल

**मुंबई, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**

मुंबई के उपनगर चेंबूर में भीषण आग की चपेट में आने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने रविवार को यह जानकारी दी। यह भीषण त्रासदी सुबह करीब 5.15 बजे घटी। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना मुंबई फायर ब्रिगेड को दी, इसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची। एमएफबी ने कहा कि सूचना मिली की सिद्धार्थ कॉलोनी के प्लॉट नंबर 16 में आग लग गई है, पूरा परिवार नींद में था और अचानक आग की चपेट में आ गया। दो अन्य लोग झुलस गए थे जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने परिवार को बचाने के लिए तमाम कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग



लगने के कारणों का पता लगाने के लिए फोरेंसिक टीम साक्ष्य एकत्र कर रही है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने भूतल पर स्थित किराना दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और तेजी से फैल गई। आग की लपटों ने ऊपरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया, जहां परिवार रह रहा था।

नीचे दुकान थी और ऊपर मकान में गुप्ता परिवार रहता था। शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार, सात सदस्यों की दम घुटने से मौत हुई। दमकल की चार गाड़ियां, एक पानी का टैंकर, एमएफबी और बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद थे और आग बुझाने के कार्यों की निगरानी कर रहे थे। सभी पीड़ितों को बीएमसी राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सा अधिकारियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में एक पुरुष, तीन महिलाएं और तीन नाबालिग शामिल हैं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि वहां कुछ ज्वलनशील पदार्थ रखे गए होंगे, आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है और आगे के विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है।

# सपा मतलब समाप्त वादी पार्टी, राहुल देश के पहले गैर जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष, केशव प्रसाद मौर्य ने साधा निशाना

**मुजफ्फरनगर, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में पहली बार देश में गैर जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष हैं, जो प्रधानमंत्री के बारे में अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हैं।वहीं सपा के बारे में कहा कि गुंडों, माफिया और दुष्कर्मियों का संरक्षण करने वालों को अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई से दर्द होता है। सपा और कांग्रेस के झूठ को जनता समझ चुकी है। सपा को समाप्तवादी पार्टी जनता बना देगी। आगामी उपचुनाव में सभी दस सीटों पर उपचुनाव में भाजपा और सहयोगी दल विजयी होंगे। यह विचार उन्होंने शनिवार को शुकतीर्थ के पंजाबी आश्रम में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आयोजित युवा सम्मेलन एवं ग्राम चौपाल कार्यक्रम में व्यक्त किए। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हम संविधान के रक्षक हैं, पुजारी हैं और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के अनुयायी हैं। केशव प्रसाद ने कहा, कि विपक्ष ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भ्रम फैलाकर लोगों को बरगालाने का प्रयास किया था, लेकिन इनका झूठ उजागर हो चुका है, जनता सब समझ गई है। जनता को मालूम है कि वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर में सांप्रदायिक दंगा किसकी सरकार में हुआ था। कहा कि दुष्कर्मी, भूमाफिया और गुंडों का संरक्षण सपा करती रही है, अब अपराधियों पर कार्रवाई हो रही है तो अखिलेश यादव को दर्द होता है।

# कबीरधाम में फिर बड़ा हादसा, दो दर्जन लोग घायल

**कबीरधाम ।** जिले में एक बार फिर से दर्दनाक हादसा हुआ है। बचेड़ी गांव में तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 25 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी घायलों को लोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां सभी का इलाज जारी है। यह मामला लोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बचेड़ी का है। जहां आज रविवार सुबह करीब 7.30 के आसपास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप में 30 लोग सवार थे। हादसे में 25 लोगों को चोटें आई है। घटना के तुरंत बाद घायलों को डायल 112 टीम और संजीवनी 108 एंबुलेंस की मदद से सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहारा में भर्ती कराया गया है।






# इजरायल ने गाजा की मस्जिद पर की Air Strike, 18 लोगों की मौत, युद्ध की पहली वर्षगांठ मनाने जुटे थे लोग



**काहिरा, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**

एक तरफ जहां इजरायली सेना हिजबुल्लाह के खिलाफ लगातार हमले कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ गाज में भी हमास के खिलाफ युद्ध जारी है। रविवार तड़के गाजा मस्जिद पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 18 लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। इसकी जानकारी फलस्तीन अस्पताल ने दी। यह हमला मध्य गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह में अल-अक्सा अस्पताल के पास मौजूद मस्जिद पर हुआ। यह हमला तब हुआ जब लोग फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायल के साथ युद्ध की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए इकट्ठा हुए थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक गाजा पर इजरायल के बाद के सैन्य हमले में लगभग 42,000 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। 7 अक्टूबर की रात को हमास के आतंकियों ने इजरायल पर हमला किया था।

इस हमले में 1200 लोग मारे गए थे। वहीं, 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इस हमले के बाद इजरायल ने हमास के खिलाफ जंग छेड़ दी। युद्ध में अब तक 42,000 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

## यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार का बड़ा फैसला पुलिसकर्मियों की छुट्टी पर लगाई एक माह की रोक



**लखनऊ।** दशहरा, दीपावली व छठ पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों व कर्मियों की छुट्टियां एक माह के लिए रद कर दी गई हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने आठ अक्टूबर से आठ नवंबर तक पुलिसकर्मियों के अवकाश पर रोक लगाए जाने का आदेश दिया है। विशेष परिस्थितियों में केवल वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति पर ही किसी को छुट्टी दी जाएगी। आने वाले त्योहारों के दौरान बाजारों से लेकर अन्य स्थानों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# थाइलैंड जाएंगी सरगुजा की बेटी एशियन चैंपियनशिप के लिए चयनित



**अंबिकापुर, 06 अक्टूबर ।**

शहर की मिनी गोल्फ खिलाड़ी शिवानी सोनी का चयन थाइलैंड में आयोजित एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 8 से 15 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ से एकमात्र महिला प्रतिभागी के शामिल होने से परिवार-दोस्तों और साथी खिलाड़ियों के साथ शहर के खेल प्रेमियों में खुशी देखने को मिल रही है।

शिवानी ने बताया कि शहर के गांधी स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल मैदान में प्रेक्टिस करती हैं। यहां स्थानाभाव की कमी झलकती जरूर है, लेकिन कोई दूसरा ऑप्शन उनके पास नहीं है, जहां वे प्रैक्टिस कर सकें। ऐसे में स्वयं अपना मैदान तैयार करके निरंतर अभ्यास की बदौलत ऑल इंडिया स्तर पर बेस्ट प्लेयर का अवार्ड हासिल किया। शिवानी इसके पहले चाइना मिनी गोल्फ में वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभागी रही हैं, जहां वीमेंस टीम में 9वां रैंक मिला था। वहीं स्वीडन में हुए मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में 7वां रैंक उन्होंने हासिल किया था।










विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
सुशासन से
विकास की नई राह
कृषक उन्नति योजना : धान का प्रति क्विंटल 3100 रुपए मिल रहा दाम, खेती-किसानी से खुले समृद्धि के द्वार
पीएम आवास: छत्तीसगढ़ में 18 लाख गरीब परिवारों को अपना मकान
शासकीय भर्ती में आयु सीमा में छूट: पुलिस विभाग सहित शासकीय भर्तियों में युवाओं को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट
भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित
मुफ्त अनाज: छत्तीसगढ़ के 68 लाख गरीब परिवारों को अगले पांच साल तक नि:शुल्क राशन
तेंदूपत्ता संग्राहक पारिश्रमिक: 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा
'नियद नेल्ला नार' अभियान के साथ नक्सल समस्या के पूर्ण निदान के प्रभावी कदम
त्वरित निर्णय, सख्त प्रशासन: विष्णु देव सरकार में अब तक 143 माओवादी मुठभेड़ में ढेर, 599 की गिरफ्तारी, 510 ने किया आत्मसमर्पण
S-41634/1
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यू आर कोड स्कैन करें
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# ठगी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार कई जिलों में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का फैलाया था जाल



**सक्ती।** प्रार्थी जीवराखन कावड़े मुख्य प्रबंधक (प्रशासन) SBI क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) का दिनांक 27.09.2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की ग्राम छपोरा में फर्जी भारतीय स्टेट बैंक शाखा दिनांक 18.09.2024 से खुला है, जहां 06 व्यक्ति कार्यरत है, पूछताछ करने पर अनिल भास्कर एवं अन्य के द्वारा एक राय होकर भारतीय स्टेट बैंक में नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर छल पूर्वक कूट रचना करते हुए फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर फर्जी बैंक खोल कर धोखाधड़ी किये है बताएं है, प्रार्थी कि रिपोर्ट पर उपरोक्त अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान घटना स्थल ग्राम छपोरा से 09 नग कम्प्युटर सेट प्रिंटर, बैटरी तथा फर्नीचर सामाग्री को जप्त किया गया है। मामले में पीड़ित पक्षों से आरोपीगणों द्वारा दिया गया ज्वाईनिंग लेटर को जप्त किया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से सुश्री अंकिता शर्मा (आ.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जिला सक्ति, सुश्री रमा पटेल (रा. पु.से.) अति पुलिस अधीक्षक एवम मनीष कुंवर (रा. पु.से.) अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ति के द्वारा आरोपीयो को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया, जिसके परिपालन में पीडित गवाहों चिंटू मरावी, परमेश्वर राठौर, ज्योति यादव, संगीता कंवर के द्वारा आरोपियों को ट्रांसफर किए गए रकम एवम उनके कथनों के आधार पर थाना की टीम, साइबर टीम की मदद से आरोपी अनिल भास्कर की गिरफ्तारी हेतु उसके निवास स्थान ग्राम दुम्हनी थाना बिलाईगढ़ गई जहा आरोपी अपने घर में मिला जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया तथा लोगो से ठगी किए रकम में से कुल रकम 6,60,000 रुपए अलग-अलग यूपीआई आईडी से प्राप्त करना, जिस रकम से अपने नाम पर सेकंड हैंड कार आई-20 C G — 10 W 7400 को खरीदना तथा बचे हुए रकम में कुछ रकम को मामले में सहयोगी अन्य साथी को दे देना, तथा 1i10 कंपनी का नया मोबाइल भी खरीदना,तथा घटना में प्रयुक्त वन प्लस एवम अन्य फोन को तथा ठगी रकम से खरीदा गया कार आई-20 क्रमांक CG 10 W 7400 को जप्त किया गया है, आरोपी के बैंक खाता में बचत रकम 83,000 रुपए को सीज कराया गया है, आरोपी से 04 लाख का कार, 03 नग मोबाईल फोन, तथा खाता में बचत रकम 83000 कुल 5,03,000 रुपये का मशरुका जप्त किया गया है। पूछताछ पर उनके अन्य 08 सहयोगियों के नाम का भी खुलाशा हुआ है जिनका पुलिस अधीक्षक के मार्ग निर्देशन में अलग-अलग टीम बनाकर गिरफ्तारी हेतु रवाना किया गया है। आरोपी के विरुध्द पर्याप्त सबूत पाये जाने से आरोपी को दिनांक 04.10.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

आरोपी अभ्यस्त एवं शातिर प्रवृत्ति का है, जिसके विरुध्द रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 7,50,000 रुपये की ठगी करने का थाना तोरखा जिला बिलासपुर में भी धोखाधड़ी का अपराध पंजीबध्द है इसके अलावा आरोपी द्वारा अलग-अलग जगहों में अनेकों व्यक्ति से अलग-अलग विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी किया गया है।

उक्त कार्यवाही में *निरीक्षक राजेश पटेल थाना प्रभारी मालखरौदा, उप निरीक्षक सी.पी. कंवर, राउनि राधेश्याम राठौर, प्र.आर. योगेश्वर बंजारे, आरक्षक शत्रुधन जांगड़े , प्रमोद सोनंत, सहदेव यादव, सेतराम पटेल विशेष टीम से उप निरीक्षक भूपेन्द्र चन्दा. प्र.आर. प्रेम राठौर, आरक्षक राकेश राठौर खगेश राठौर, अलेक्सयुस मिंज का सराहनीय योगदान रहा है।



## महिला से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**सक्ती।** प्रार्थिया द्वारा थाना डभरा जिला सक्ती थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 03.10.2024 के शाम 07.00 बजे पीडिता अपने किराना दुकान में अकेली थी उसके घर के लोग दुर्गा पूजा मे गये थे, उसी समय उसके गांव के किशोर बरेठ पिता समयलाल बरेठ उम्र 20 वर्ष साकिन चुराघाठा थाना डभरा बेईज्जती करने के नियत से प्रार्थिया के दुकान अंदर घुरकर छेड़छाड़ किया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना उभरा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गई पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से.), एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर / डभरा अंजली गुप्ता (रा.पु.से.) द्वारा महिला संबंधी अपराध मे त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया थाना डभरा पुलिस स्टाफ द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रिमाण्ड पर भेजा गया।

# नवरात्र में मां जगदंबे भवानी की आराधना में डूबे भक्त

**सक्ती।** शहर सहित पूरे जिले में तीन अक्टूबर से प्रारंभ हुआ शारदेय नवरात्रि का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शहर के विभिन्न स्थानों पर भव्य दुर्गा पंडालों में आकर्षक साज सजा की गईहै। शहर के मां महामाई दाई मंदिर, मां भीमेश्वरी देवी बेरीवाला मंदिर, शनि मंदिर के पास स्थित मां दुर्गा मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हो रहे हैं।

वहीं बुधवारी बाजार दुल्हन साडी शोरूम के पास, स्टार दुर्गा उत्सव समिति, एचसीएस दुर्गा उत्सव समिति, मां दुर्गा उत्सव समिति पुराना स्टेट बैंक के पास, अखराभाटा दुर्गोत्सव समिति, राजापारा दुर्गा उत्सव समिति, रेलवे स्टेशन दुर्गोत्सव समिति, सहित विभिन्न



स्थानों पर आकर्षक दुर्गा पंडालो की स्थापना कर प्रतिदिन बाजे गाजे के साथ मां दुर्गाकी पूजा अर्चना हो रही है। इस वर्षशहर से लगे मां अष्टभुजी देवी की नगरी अड़भार में भी प्रतिदिन दर्शन करने हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वहीं चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर में भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए है तथा लोग यहां भी दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

इस वर्ष नवरात्र पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन भी सुरक्षात्मक दृष्टि सेतैयारी में जुटा हुआ है। दुर्गा पंडालो एवं देवी मंदिरों में भीड को देखते हुए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। शाम होते ही झालरों की रोशनी एवं देवी धुन से लोग मां दुर्गे की आराधना में डूब जाते हैं तो वहीं दुर्गा पंडालो में प्रसाद लेने भी दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। तो वहीं दुर्गा पंडाल के बाहर आकर्षक स्वागत द्वार लगाकर झालरों की रोशनी लोगों को आकर्षित कर रही है।

# भूमिपूजन: 30 लाख रुपए से गांवों में निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होंगे

**अकलतरा।** विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने विधायक निधि व अन्य मदों से विकास कार्य मंजूर किए हैं। इसके तहत ग्राम तागा में सामुदायिक भवन निर्माण, तिलई में हनुमान मंदिर के पास और जैत खांभ के पास मंच निर्माण कार्य, घनवा में चौक के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण, ग्राम देवरी (कटनई)में सीसी रोड निर्माण और बरपाली के धनुवारपारा में मंच और सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 30 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में विधायक सिंह ने कहा कि गांव में सामुदायिक भवन, मंच निर्माण, सांस्कृतिक मंच और सीसी रोड का निर्माण कार्य होने से गांव के लोगों को सामुदायिक कार्यों में सुविधा मिलने के साथ गांव के लोग सुविधापूर्वक आवागमन कर सकेंगे। अकलतरा विकासखंड में विधानसभा निर्वाचन विकास निधि और अन्य मदों से लगातार विकास कार्यों के लिए ग्राम पंचायत में राशि मंजूर की जा रही है। समय के साथ गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य किया जाए।



गांव में अन्य विकास कार्यों की मांगों पर विधायक द्वारा विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य संदीप यादव, मोहन लाल यादव, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन, मोहन दास मानिकपुरी, दुर्गा दास मानिकपुरी, जयपाल सिंह, मनीलाल कौशिक, रामखीलावन कौशिक दिल हरण बरेठ देवराज कुर्मी, दयाराम कुर्रे, सुरेश कुमार, अरुण कुमार, भागीरथी किरण, लतेल प्रधान, जानकीबाई, मुकेश कौशिक, केवल भारद्वाज, शशिशेखर जगत उपस्थित रहे।



## चिटफंड निवेशकों ने नेता प्रतिपक्ष को सौंपा ज्ञापन

**देवरी-चांपा।** चिटफंड निवेशकों ने शनिवार को नेता प्रतिपक्ष छग विधानसभा व विधायक डॉ. चरण दास महंत के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चिटफंड के मुद्दे को विधानसभा में उठाने की मांग की है। बड़ी संख्या में लोग डॉ. महंत के गृह निवास पहुंचे थे और उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के निवास में परिजन को ज्ञापन सौंपा है। चिटफंड के निवेशक बड़ी संख्या में शनिवार को सारागांव पहुंचे। वहां के बस स्टैंड से रैली निकाल प्रदर्शन करते हुए महंत निवास पहुंचे। निवेशकों ने पीआईटी एक्ट के आदेश को सुनिश्चित कराते हुए सक्षम अधिकारियों को नियुक्त कर विशेष न्यायालय खुलवाने सहित चिटफंड में डूबे रकम वापस दिलाने सहित अन्य मांग की है।

# पंडाल में मां अंबे के दर्शन करने भक्तों की लगी कतार



**अकलतरा।** नगर के थाना रोड में मित्र मंडल दुर्गा उत्सव समिति नगर में विगत 43 वर्षों से नवरात्रि पर दुर्गा माता की मूर्ति की स्थापना कर रही है। मित्र मंडल दुर्गा उत्सव समिति के राजू अरोरा व अशोक माखीजा ने बताया कि नगर के थाना रोड में सन 1981 से लगातार दुर्गा उत्सव धूमधाम से मनाने के साथ-साथ दुर्गा माता की मूर्ति की स्थापना की जा रही है। नवरात्रि पर्व पर प्रतिदिन सुबह-शाम माता की मंगल आरती करने के साथ पंडाल में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा जा रहा है। नवरात्रि पर रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। नवमी के दिन दुर्गा पंडाल स्थल में भंडारा का आयोजन करने के साथ-साथ नगर के लोगों प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। दुर्गा उत्सव के आयोजन में डॉ. एके गुईन, डॉ. रामायण सिंह, कांति माखीजा, नवीन कसेर, श्रीनिवास जैन, अनिल चंद्राकर, भविष्य चंद्राकर, रूपेश जैन, राजेश अग्रवाल, दिलीप सलूजा, नीरज माखीजा, अभिषेक अग्रवाल, रोहित अग्रवाल समेत मोहल्ले के सभी लोग सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## बिना मंजूरी के टंकी निर्माण करा रहे

**रायगढ़।** भूमि पूजन वित्त मंत्री के हाथों हुआ। कार्यक्रम में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष, पूर्व विधायक समेत भाजपा नेता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नगर निगम के इस कार्यक्रम से महापौर और एमआईसी सदस्य दूर रहे। शुक्रवार दोपहर को ही लोक निर्माण विभाग प्रभारी एमआईसी सदस्य विकास ठेठवार ने आयुक्त को पत्र लिखकर भूमि पूजन का विरोध दर्ज कराया और इसे गलत बताया। विकास ने लिखा है कि टंकी निर्माण 15 वें वित्त के एक करोड़ 94 लाख रुपए से हो रहा है। स्वीकृत दर से 19त्न अधिक पर कार्य को स्वीकृति के लिए 20 सितंबर को एमआईसी को भेजा गया था।

# 12 तक चंद्रपुर मार्ग पर नहीं घुसेंगे भारी वाहन

**जांजगीर।** नवरात्रि शुरू हो चुकी है। इस दौरान चंद्रपुर में माता के दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी से बचाने के लिए प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है।

प्रशासन ने आदेश जारी कर दशहरा यानि 12 अक्टूबर तक हाइवा, ट्रेलर, ट्रक और अन्य भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णत- रोक लगा दी है। इससे पहले प्रशासन ने 30 सितंबर को वाहनों के लिए नो एंट्री की समय सीमा नगर पंचायत चन्द्रपुर के सीमा क्षेत्र में क्वांर नवरात्रि से दशहरा पर्व तक सुबह 05 बजे से रात्रि 10 बजे तक रखा था।

इस आदेश में परिवर्तन कर अब भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णत- रोक लगा दी गई है। नए आदेश के अनुसार अब 12 अक्टूबर तक हाइवा, ट्रेलर, ट्रक और अन्य भारी वाहन को सारंगढ़ से रायगढ़ और रायगढ़ से सारंगढ़ की बजाय टिमरलगा तिराहा( लात नाला) से मार्ग परिवर्तित कर सरिया, पुसौर, कोड़ातराई के रास्ते रायगढ़ और सारंगढ़ आना-जाना करना होगा। 6 सक्ती नगर के लिए शक्ति शहर में 13 अक्टूबर तक के लिए भारी वाहनों का प्रवेश निषेध किया गया है। व्यापारियों की सुविधा के लिए रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर छूट दी गई है। 6 चंद्रपुर रूट के लिए रायगढ़ तरफ से आने वाले भारी वाहन कोड़ातराई पुसौर, सरिया मार्ग से जाएंगे। 6 सारंगढ़ तरफ से आने वाली भारी वाहन टिमरलगा तिराहा से परिवर्तित होकर सरिया पुसौर, कोड़ातराई मार्ग से रायगढ़ जाएंगे।



## अफसरों ने आरओबी व एफओबी बनाने का दिया भरोसा

**जांजगीर।** नैला की कोल साइडिंग और खराब सड़क शहरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। शनिवार को जनप्रतिनिधियों के साथ रेल अफसर मौके पर पहुंचे । यहां परेशानी जानने के बाद आरओबी व एफओबी निर्माण का भरोसा दिलाया।

मीडिया ने यहां आरओबी, सड़क और कोलसाइडिंग में उचित व्यवस्था की कमी से हो रही परेशानियों खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद शनिवार को जांजगीर विधायक ब्यास कश्यप, रेलवे व जिले के अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। नैला स्टेशन से रेलवे फाटक तक रोड पूरी तरह से खराब हो चुकी है। आरओबी नहीं बनने से लोगों को फाटक पर घंटों इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा नैला कोलसाइडिंग से होकर आरयूबी तक गया मार्ग अव्यवस्था का दंश झेल रहा है। इससे लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं।

इन परेशानियों पर भास्कर ने 5 अक्टूबर के अंक में खबर प्रकाशित की तो रेलवे, प्रशासनिक और जनप्रतिनिधि मौके का निरीक्षण करने पहुंचे। विधायक ब्यास कश्यप ने नैला कोल साइडिंग का निरीक्षण करते हुए रेलवे अधिकारी सहित जिला प्रशासन को जरूरी निर्माण तुरंत शुरू कराने मांग की। उन्होंने अधिकारियों को लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी को बताया। विधायक ने अधिकारियों ने साइडिंग के पास उचित व्यवस्था बनाने की मांग की।

एफओबी का निर्माण इसी साल होगा शुरू ट्टविधायक ने एफओबी नहीं होने से हो रही परेशानी की जानकारी दी तो रेलवे अफसरों ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण इसी साल शुरू हो जाएगा। उन्होंने एफओबी को रेलवे की कार्ययोजना में होने की जानकारी दी।

# दिव्यांग कर्मचारियों को घर के नजदीक मिलेगी पोस्टिंग

**बिलासपुर।**

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अलग-अलग विभागों में काम करने वाले दिव्यांग अधिकारी और कर्मचारियों की पोस्टिंग और तबादले के लिए नीति बनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत राज्य आयुक्त की नियुक्ति की जाए।

कोर्ट के आदेश से दिव्यांग कर्मियों के तबादले और पोस्टिंग में उनके अधिकारों का पूरा संरक्षण होगा, इसलिए यह उनके लिए लाभकारी होगा।

**कर्मचारियों के संबंध में नीति बनाने का आदेश**

एक मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस पीपी साहू की एकलपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया। साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को दिव्यांग अधिकारियों और कर्मचारियों के संबंध में नीति बनाने और कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया।

आदेश में लिखा गया है कि धारा 80 के तहत आयुक्त को अलग-अलग सक्षम व्यक्तियों के अधिकारों के हनन के संबंध में खुद से विचार करना होगा।

**दिव्यांगों को पसंदीदा जगह पोस्टिंग**

जस्टिस पीपी साहू ने अपने आदेश में लिखा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिव्यांग कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादलों के संबंध में कहा है कि शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की स्वतंत्र और आसानी से घूमने में असमर्थता उनके लिए बाधा बनती है।

दिव्यांग व्यक्तियों के समक्ष आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, देश भर की राज्य सरकारों को 20 जुलाई 2000 को एक अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया गया था, ताकि दिव्यांग व्यक्तियों को यथासंभव उनकी पसंद के स्थानों पर तैनात किया जा सके।

कोर्ट के आदेश के अनुसार, दिव्यांग व्यक्तियों को दिए जाने वाले इस लाभ का उद्देश्य अन्य बातों के अलावा दिव्यांग व्यक्तियों को ऐसी



जगह पर तैनात करना है। जहां उन्हें आसानी से मदद मिल सके। साथ ही उन्हें सरकारी कामकाज करने में किसी तरह की परेशानी न हो।

कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि लंबी दूरी की यात्रा से बचने के लिए निवास से दूरी एक प्रासंगिक विचार हो सकता है। सरकारी आदेश के माध्यम से दिव्यांगों को जो लाभ दिया गया है, उसे ऐसे नियमों और शर्तों पर लाभ प्राप्त करने के अधिकार के प्रयोग के अधीन कर के नहीं छीना जा सकता है, जिससे लाभ निरर्थक हो जाएगा।

दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों तथा उन्हें संरक्षण देने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पीछे बेमेतरा नगर पालिका के RSI (सहायक राजस्व निरीक्षक) के तबादले के खिलाफ संघर्ष से शुरू हुआ।

दरअसल, सचिव नगरीय प्रशासन ने 12 सितंबर 2023 याचिकाकर्ता RSI का तबादला नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला दुर्ग कर दिया था। इस आदेश को उन्होंने 21 अगस्त 2024 को चुनौती, जिसके तहत उसे वर्तमान पदस्थापना वाली जगह से हटाकर स्थानांतरित स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कहा गया।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संदीप दुबे ने जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में पैरवी करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को प्रारंभ में शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणी के तहत नगर पालिका परिषद बेमेतरा में भृत्य के पद पर नियुक्त किया गया था। वह 70 प्रतिशत चलने-फिरने में अक्षम है (एक हाथ पूरी तरह से कटा हुआ है)।

**खुद से विचार करना होगा**

कोर्ट का कहना है कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत राज्य में एक राज्य आयुक्त की नियुक्ति की जानी है और धारा 80 के तहत आयुक्त को अलग-अलग सक्षम व्यक्तियों के अधिकारों के हनन के संबंध में खुद से विचार करना होगा।

राज्य शासन के अधिवक्ता का कहना था कि विवादित स्थानांतरण आदेश एक वर्ष पूर्व जारी हुआ था और रिलीविंग आदेश जारी होने के बाद ही याचिकाकर्ता ने स्थानांतरण आदेश और रिलीविंग आदेश दोनों को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की है।

**ऐसे मिली राहत**

जस्टिस पीपी साहू ने अपने आदेश में लिखा है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और याचिकाकर्ता की रिट याचिका में उठाए मुद्दों के मद्देनजर स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं। आदेश के साथ ही याचिकाकर्ता को नगर पालिका परिषद बेमेतरा में कार्य करने की अनुमति दे दी गई है।

साथ ही याचिकाकर्ता को 10 दिवस के भीतर सचिव नगरीय प्रशासन के समक्ष समस्त दस्तावेजों के साथ अभ्यावेदन प्रस्तुत करना होगा। न्यायालय ने यह भी कहा है कि याचिकाकर्ता अभ्यावेदन प्रस्तुत करता है तो सचिव नगरीय प्रशासन उस पर विधि अनुसार विचार कर निर्णय लेंगे।

सचिव नगरीय प्रशासन विभाग को अभ्यावेदन प्राप्ति की तिथि से चार सप्ताह की अवधि में अभ्यावेदन का निराकरण करना होगा।



## बाजारपारा खोखरा में विराजीं मां दुर्गा

**जांजगीर।** शारदीय नवरात्रि पर बाजार पारा खोखरा में विधि विधान से कलश स्थापना और पूजा-अर्चना करते हुए मां दुर्गा विराजित की गईं। पंडित दुर्गेश महराज ने पहले दिन शैलपुत्री की पूजा व भजन के साथ आरती कराई। दुर्गेश महराज ने बताया कि नवरात्र के पूरे नौ दिन मां के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। शाम को मां की आरती के उपरांत भजन, जसगीत के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समिति सदस्य भीम राठौर, गणेश बरेठ, भवानी राठौर, राजू राठौर, राजेश राठौर, रामशंकर, लक्ष्मीनारायण राठौर, संदीप राठौर, पिंटू राठौर, तीरथराम राठौर उपस्थित रहे।

## बिलासपुर में बच्चों से हेडमास्टर करा रहीं काम, बच्चे बोले- 2 क्विंटल राशन ढोया

**बिलासपुर ।** बिलासपुर में सरकारी प्राइमरी स्कूल के छात्र साइकिल से चावल ढो रहे हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्कूली बच्चे साइकिल पर 50किलो चावल की बोरी ढोकर ले जाते दिखे। मामला मस्तूरी विकासखंड का है।

दरअसल, ग्राम सोन स्थित प्राइमरी स्कूल में मध्यान्ह भोजन का चावल बच्चों से ढुलवा कर मंगाया जा रहा है। आरोप है कि हेडमास्टर पुष्पा साहू छात्रों से काम कराती हैं। बच्चों ने यह भी बताया कि चार बार में 50-50 किलो कर 2 क्विंटल चावल को स्कूल तक पहुंचाने का काम कराया गया।

## लुटेरों ने व्यापारी को मारा चाकू,पेट से बाहर आई आतें

शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे चकरभाठा निवासी योगेश पंजवानी बच्चों के साथ बाइक पर निकला था। वह कुंदन पैलेस के पास पहुंचा था। इस दौरान पीछे से आ रहे बाइक सवार ने योगेश को रोका। युवक उसे लूटने की कोशिश करने लगे। उनके बीच हाथापाई हुई।

इस दौरान एक युवक ने धारदार चाकू उसके पेट पर घोंप दिया। घायल योगेश छुड़ाकर वहां किसी तरह 50 मीटर तक भागा। उसे भागते देख युवक मौके पर बाइक छोड़ वहां से सीधे मगरपारा की तरफ भाग निकले।

लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।लोगों ने तत्काल उसे सिम्स में भर्ती कराया। योगेश व्यापार विहार में योगेश ट्रेडिंग कंपनी के नाम से दुकान का संचालक है। सिम्स में डॉक्टर घायल का इलाज कर रहे हैं।घटना के बाद ACCU और सिविल लाइन की टीम मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। साथ ही पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। मौके पर मिले बाइक के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## अनमोल वचन......

**बस आपके मन में एक अच्छी भावना की जरूरत है**

# एनकाउंटर की स्थिति

अनुज और अक्षय के मामले में समान तथ्य यह है कि जब उनका एनकाउंटर हुआ, वे पुलिस हिरासत में थे। इसलिए यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि उन्होंने कैसे पुलिस के लिए इतना खतरा पैदा कर दिया कि एनकाउंटर की स्थिति बन गई। महाराष्ट्र में बदलापुर बाल यौन शोषण कांड के आरोपी का एनकाउंटर आरंभ से संदिग्ध था और अब यह एक बड़ा विवाद बन गया है। पुलिस ने कहानी यह बताई कि वह आरोपी अक्षय शिंदे को जांच-पड़ताल के सिलसिले में अपने साथ ले जा रही थी, तभी शिंदे ने एक पुलिस अधिकारी के रिवॉल्वर को छीन लिया और गोली चलाने की कोशिश की। तभी दूसरे पुलिसकर्मियों ने फायरिंग की, जिसमें वह मारा गया।

अब शिंदे के पिता के साथ-साथ पीड़ित बच्चियों के परिजनों ने भी हाई कोर्ट की पनाह ली है। उन्होंने कोर्ट से मामले की अपनी निगरानी में विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की गुजारिश की है। जिस रोज (सोमवार को) ये घटना हुई, उसी दिन उत्तर प्रदेश में जौहरी लूट कांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह भी एनकाउंटर में मारा गया। इसके पहले इस कांड का एक और आरोपी मंगेश यादव भी एनकाउंटर में मारा गया था। तब समाजवादी पार्टी सहित तमाम हलकों से आरोप लगा था कि पुलिस ने जाति देख कर मंगेश को मारा गया, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहजातीय आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। मामला कुछ ज्यादा गरम हुआ था। अब संदेह जताया गया है कि जातिवाद के आरोप को गलत साबित करने के लिए अनुज का भी एनकाउंटर कर दिया गया है। अनुज और अक्षय दोनों के मामले में समान तथ्य यह है कि जब उनका एनकाउंटर हुआ, वे पुलिस हिरासत में थे। इसलिए यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि उन्होंने कैसे पुलिस के लिए इतना खतरा पैदा कर दिया कि एनकाउंटर की स्थिति बन गई। कभी यह चलन में था कि पुलिस हिरासत की हर मौत के बारे में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को तुरंत रिपोर्ट करना जरूरी था तथा ऐसे मामलों की अनिवार्य जांच होती थी। लेकिन अब संस्थाएं अपनी धार खो चुकी हैं। उधर आरोप है कि खासकर भाजपा की राज्य सरकारों ने एनकाउंटर को राजकीय नीति बना लिया है। यह न्याय और संविधान की भावना का खुला उल्लंघन है, लेकिन इस दौर में इन भावनाओं का ख्याल कम-से-कम सरकारी स्तर पर शायद ही बचा है।

## राशिफल

मेष राशिः आज तकदीर आपके साथ रहेगी। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों को अपनी बात समझाने में सफल रहेंगे। साथ ही अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे, जो आपकी क्षमताओं से प्रभावित होकर आपके विकास के लिए नए रास्ते खोलेंगे। इस राशि के जो लोग टूर एण्ड ट्रैवेल का बिजनेस करते है

वृष राशिःआज आपका दिन शानदार रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी की मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें। आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करेंगे तो आपके लिए बेहतर होगा। अगर आज पहले से ली हुई जमीन को बेचना चाह रहें है तो आपको इससे काफी फायदा होगा। इस राशि के जो लोग सोशल नेटवर्किंग से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन बढ़िया है।

मिथुन राशिःअपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपका अच्छा व्यक्तित्व समाज में आपकी अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के ठेकेदार के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाएंगे। जहां आपकी मुलाकात पूराने दोस्त से होगी।

कर्क राशिःआज का दिन आपको अपने काम को बेहतर ढंग से करने के लिए शुभ है। आज कार्य की सफलता के लिए काम के तरीकों में बदलाव की जरूरत है, जिससे आपके काम जल्द होंगे और आपको राहत महसूस होगी। इस राशि के जो लोग सिंगिंग के शौकीन है उनके लिए आज का दिन बेहतरीन है आज किसी शो में गाने का ऑफर मिलेगा।

सिंह राशिःआज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश होकर आपको ईनाम स्वरुप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट करेंगे। हो सकता है कि आपका प्रमोशन भी हो जाए। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज अपने लवमेट के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। इस राशि के फैब्रीक्रैटर के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। अच्छी जॉब लगाने की सम्भावना बन रही है।

कन्या राशिःआज आपके मन मे नए- नए विचार आयेंगे। आपके नए विचारों से आपके आस-पास के लोग प्रभावित होंगे। साथ ही आपकी सराहना करेंगे। यदि आप कुछ नया करने के लिए सोच रहे हैं, तो नया कौशल और तकनीक सिखने का प्रयास करें। जीवनसाथी का सहयोग आज आपके कामों में कारगार साबित होगा। आज आपके घर में किसी दूर के रिश्तेदारों के आने से घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। लवमेट आज साथ में लंच करने जाएंगे।

तुला राशिःआज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप बहुत सरलता से घर के काम बिना थकान के पूरा करेंगे। बेहतर परिणामों के लिए खुद पर भरोसा रखें। साथ ही अपना व्यवहार कार्यों के प्रति अनुकूल बनाए रखें। इस राशि के जो लोग प्राइवेट नौकरी करते है आज वो कुछ ऐसा करेंगे जिससे कंपनी को अच्छा धन लाभ होगा। परिवार में आज सुख-शांति का माहौल रहेगा। साथ ही बच्चों की सफलता से आज खुद को गौरवान्वित महसूस करेगें।

वृश्चिक राशिःआगे बढ़ने के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स की तरक्की में कई दिनों से आ रही रूकावटें आज दूर हो जाऐंगी। साथ ही पहले से बनाई हुई योजनाएं आज पूरी हो जाऐंगी। इस राशि के बिल्डर्स के लिए आज का दिन शुभ है। आज धनलाभ होगा साथ ही नया कॉन्ट्रेक्ट भी मिल सकता है। आज जीवनसाथी के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लान बना सकते है। जिससे दोनों के रिश्तों में मिठास बढ़ेगी।

धनु राशिःआज आपको नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अगर आप नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। साथ ही अवसरों का ध्यान रखे और उनको हाथ से जाने न दें। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लाईफ में आने वाली समस्याएं सहजता से हल होंगी। साथ ही आपको अच्छे परिणामों की प्राप्ति होगी।

मकर राशिःआज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी आपके कंधे पर आएगी। आज आपके सामने आयी सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता आपके कदम चूमेगी। इस राशि के ड्राई क्लीनर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। काम को बढ़ाने से धन लाभ में काफी इजाफा होगा।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहेगा। आज आप जिन कार्यों को पूरा करने का प्रयास कई दिनों से कर रहे है, उन्हें पूरा करने में सफल होंगे। अगर आपका काम करने का तरीका सही है तो आपको अपनी कामयाबी हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता है।

मीन राशिःआज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपकी सारी इच्छाएं पूरी होंगी। इस राशि के इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। आगे बढ़ने के लिए आपके पास बेहतर डिग्री और विकल्प उपलब्ध रहेंगे। आज रोजगार में परिवर्तन होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग अविवाहित है उनके लिए आज शादी का एक बढ़िया ऑफर आएगा। साथ ही अपने परिवार और मित्रों से बहुत अच्छा तालमेल और भाईचारा रहेगा।

# लोगों में राहुल को लेकर भारी उत्साह

//शकील अख्तर//

**जिसने भी पिछले दो दिन राहुल की यात्रा देखी है उसकी समझ में आ गया है कि राहुल ने हरियाणा में कांग्रेस की हवा को आंधी में बदल दिया। लोगों में राहुल को लेकर भारी उत्साह है।ज् यात्रा का महत्व समझकर उन्होंने यह हरियाणा में तीसरी यात्रा निकाल दी। और हरियाणा के मिज़ाज को पुख्ता कर दिया। जनता जो सोच रही थी कि अब भाजपा को हराना है वह राहुल ने पक्का करवा दिया। अब बस हरियाणा चुनाव की वोटिंग बची है। जैसी हवा है उसे देखते हुए तो लोगों की निगाह 5 अक्टूबर के मतदान पर नहीं बल्कि सीधे 8 अक्तूबर की काउन्टिंग पर है और इंतजार है कि कांग्रेस को कितनी सीटें मिलती हैं। बीजेपी और उसका मीडिया दोनों मान चुके हैं कि भाजपा नहीं जीत रही।**

बड़े साफ तौर पर बीजेपी के नेता कह रहे हैं कि बहुमत नहीं मिलेगा मगर 2019 की तरह जोड़ तोड़ कर सरकार हम ही बनाएंगे। जनता से ज्यादा उन्हें अपने जोड़ तोड़ करने की क्षमता पर भरोसा है। लेकिन इसके बावजूद भी वे कांग्रेस को बहुमत से थोड़ी कम सीटें तो बोल रहे हैं। मतलब भाजपा और गोदी मीडिया मन मार कर भी कांग्रेस को भाजपा से आगे बता रहा है।

लेकिन क्या यही हरियाणा की सही तस्वीर है। नहीं! जिसने भी पिछले दो दिन राहुल की यात्रा देखी है उसकी समझ में आ गया है कि राहुल ने हरियाणा में कांग्रेस की हवा को आंधी में बदल दिया। लोगों में राहुल को लेकर भारी उत्साह है। कांग्रेसियों को यह बात समझना चाहिए। यहां हर कांग्रेसी नेता खुद को खुदा मानता है। और दूसरे कांग्रेसी को कुछ नहीं। उसके इसी मिथ्याभिमान के कारण पहले कांग्रेस ने राजस्थान हारा और इस बार हरियाणा में हारना चाह रही थी।

मगर समय रहते राहुल गांधी ने सही स्टैंड ले लिया। और हरियाणा में यात्रा शुरू कर दी। हालांकि कहा तो उन्होंने हंसते हंसते है कि कांग्रेस के शेर कभी कभी आपस में लड़ जाते हैं। और मेरा काम इन्हें फिर से एक करना है। वे भूपेन्द्र हुड्डा और कुमारी सैलजा दोनों के पीछे जाकर खड़े हुए और दोनों के हाथ उपर उठाकर मिलवा दिए। अगर कांग्रेस के क्षत्रपों में जरा भी शर्म है, कुछ शराफत बची है तो उन्हें समझना चाहिए कि उनकी पार्टी का सबसेबड़ा नेता खुद पीछे होकर उन्हें आगे कर रहा है। क्या मोदी जी कभी ऐसा कर सकते हैं।

राहुल ने कहा कि हमारे कुछ नेता भाजपा में चले जाते हैं और वहां तो ऐसा कर नहीं सकते जैसा हमारे यहां करते हैं। हम तो एडजस्ट कर लेते हैं। मगर वहां तो उन्होंने उतरा हुआ चेहरा बना कर बताया कि ऐसे बैठना पड़ता है। यहां तो हंसते हैं मजाक करते हैं। और जो उन्होंने बोला नहीं वह यह कि  कांग्रेस की ऐसी तैसी करते हैं।

चुनाव प्रचार के दूसरे कार्यक्रम रोड शो, आमसभा पारंपरिक होते हैं। वैसे ही इसमें भाषण होते हैं। मगर यह पहली बार राहुल ने चुनाव के दौरान जो यात्रा निकाली वह एक बहुत सफल प्रयोग रहा। एक तो हजारों लोग इससे जुड़े दूसरे पूरे दिन जनता के साथ रहने से नेता के दिमाग में भी मौलिक विचार आते हैं। राहुल कोई मोदी जी की तरह टेलिप्राम्पटर पर पढ़कर तो बोलते नहीं हैं। वे तो जो जनता से सीखते हैं उसी को आगे बढ़ाते हैं।

हमारे यहां पाखंड बहुत है। यह माना ही नहीं जाता कि जनता से सीखा जा सकता है। नेता तो उसे सिखाने जाता है। मगर दुनिया भर में जनता ही राजनीति की सबसे बड़ी शिक्षक मानी जाती है। गोर्की ने लिखा है माय यूनिवर्सिटिज। मेरे विश्वविध्यालय। उसमें आम जनता को ही विश्वविध्यालय बताया गया है। मैकिस्म गोर्की रूस के महान उपन्यासकार थे। तो हमारे यहां नेता जनता को सिखाता है। अपने मन की बात करता है। राहुल यही कहते हैं कि मैं आपके मन की बात सुनना चाहता हूं।

तो खैर यात्रा में राहुल ने बहुत सारी ऐसी बाते कहीं जो आम तौर पर होती नहीं हैं। उन्होंने एक अच्छी मिसाल दी। टीवी ने तो यह सब दिखाया नहीं। अखबारों में भी नहीं है। लोगों को कैसे मालूम चले? हम बताते हैं। राहुल ने कहा एक शर्ट जो अंबानी खरीदता है उस पर वह भी उतना ही टैक्स देता है जितना एक गरीब आदमी अपने बेटे के लिए उसकी शादी के लिए एक एक पैसा इकट्ठा करके खरीदते हुए देता है। ऐसे ही अपने बच्चे के लिए   मिठाई खरीदते हुए गरीब उतना ही देता है जितना अंबानी अपने शौक के लिए खरीदते हुए।

ठीक है दोनों बराबर टैक्स देते हैं। मगर फिर अंबानी, अडानी के हजारों करोड़ रुपए के कर्जे क्यों माफ किए जाते हैं। और गरीब का एक पैसे का कर्ज नहीं! उन्हें सरकारी खरीद में एयरपोर्ट, बंदरगाह, रेल्वे स्टेशन पर छूट छूट। और किसान की फसल एमएसपी पर खरीद भी नहीं।

राहुल ने साफ घोषणा की कि जितना पैसा मोदी जी ने अंबानी, अडानी को दिया है वह सब उनसे वापस लेकर मैं किसान मजदूर गरीब को दूंगा।

इसी संदर्भ में उन्होंने अंबानी की शादी का मजेदार जिक्र किया। लोगों से पूछा टीवी पर देखी। जनता के कहा हां। राहुल ने कहा कभी किसी किसी किसान मजदूर की शादी टीवी पर देखी। जनता आश्चर्यचकित! चुप ! उसके दिमाग में पहली बार अपने बच्चे और अंबानी के बच्चे के बीच फर्क समझ में आया। वोट तो उसका भी एक है अंबानी का भी एक। मगर अंबानी की शादी कई कई दिन तक टीवी पर चलती है। खाने और डांस चलते हैं। और सबसे बड़ी बात जो राहुल ने पूछी कि मोदी जी वहां दिखे।  जनता ने कहा दिखे। और राहुल दिखा? जनता के एक सैंकड में समझ में आ गया कि यह फर्क है।

राहुल अब नेता हो गए हैं। उन्होंने जनता को समझा दिया कि राहुल और मोदी में क्या फर्क है। राहुल किसानों के बीच धान की रोपाई करता है। और मोदीजी अंबानी की हजारों करोड़ की शादी में जाते हैं।

यहां यह बता दें कि पिछले दिनों जिन वीडियो की बहुत चर्चा हुई थी राहुल के खेत में धान रोपते हुए उस खेत के किसान संजय ने मंगलवार को उस धान से निकला चावल लाकर राहुल को भेंट किया। राहुल की बोई हुई फसल से निकला अनाज।

यह तो खेत की बात थी। मगर अब ऐसा ही राजनीति में होने लगा है। राहुल को यहां केवल फसल बोना ही नहीं थी। बल्कि उससे पहले बंजर हो गए खेत तैयार भी करना थे। 2011- 2012 के बाद से कांग्रेस की जमीन सूखती चली गई। इसे फिर से आबाद करना बहुत बड़ी चुनौति थी। मोदी इसलिए निरद्वंद शासन कर रहे थे।

मगर राहुल ने दो यात्राएं निकालकर कांग्रेस की सुखी जमीन को फिर हरा-भरा कर दिया। और यात्रा का महत्व समझकर उन्होंने यह हरियाणा में तीसरी यात्रा निकाल दी।

दो यात्राओं में तो वे यह कहने से बचते रहे कि यह राजनीतिक यात्राएं हैं। मगर यह तीसरी और बिल्कुल छोटी तो पूरी तरह राजनीतिक यात्रा थी। और छोटी क्या उन दो विशाल यात्राओं के सामने तो बिन्दू भी नहीं। मगर प्रभाव में बहुत आगे। हरियाणा के मिज़ाज को पुख्ता कर दिया। जनता जो सोच रही थी कि अब भाजपा को हराना है वह राहुल ने पक्का करवा दिया।लेकिन यह चुनाव है कुछ भी हो सकता है। ऐसा कहा जाता है। मगर क्या यह सच है। नहीं। कभी नहीं रहा। ऐसी अनिश्चितता जनता के मिज़ाज में नहीं होती है। मगर अब एक कारण से आखिरी आखिरी तक संशय बना रहता है। और वह है चुनाव आयोग। अब यह कहा जाने लगा है कि चुनाव जनता वर्सेस चुनाव आयोग के बीच हो रहा है। पता नहीं। लेकिन अगर होने भी लगा है तो चुनाव आयोग को यह समझ लेना चाहिए कि जनता से जीतने की होड़ न करे। जनता ने बड़े बड़े राज सिंहासन उठा कर फेंक दिए हैं। चुनाव आयोग बहुत छोटी चीज है। जनता जो चाह रही है उसे होने दें। और 8 अक्टूबर को बता दें। इतने स्पष्ट माहौल के बाद जनता इसमें घालमेल बिल्कुल बर्दाश्त नहींकरेगी।

# सिंगौरगढ़ किला, दमोहः मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर

//अरूण शर्मा//

**मध्यप्रदेश के दमोह जिले में स्थित सिंगौरगढ़ किला, रानी दुर्गावती के शासनकाल की महत्वपूर्ण धरोहर है। यह किला केंद्रीय संरक्षित स्मारक है। पहाड़ी पर स्थित यह किला अपनी अद्वितीय स्थापत्य कला और सामरिक महत्व के कारण सदियों से एक महत्वपूर्ण किलेबंदी के रूप में पहचाना गया है। सिंगौरगढ़ किला दमोह के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यह किला पहाड़ी की चोटी पर बनाया गया है, जिसे कलचुरी राजवंश द्वारा निर्मित किया गया था। इस किले का महत्व बढ़ाने में कई राजवंशों का योगदान रहा है। समय-समय पर इसमें विभिन्न निर्माण और सुदृढ़ीकरण कार्य किए गए, जिनके अवशेष आज भी इस किले में देखे जा सकते हैं।**

सिंगौरगढ़ किले का ऐतिहासिक महत्व-सिंगौरगढ़ किले का नाम इतिहास में विशेष रूप से रानी दुर्गावती के शासनकाल से जुड़ा हुआ है। इस किले की दीवारें और परकोटे इसे दुश्मनों से सुरक्षित रखने के लिए विशेष रूप से निर्मित किए गए थे। इसके चारों ओर लगभग 8 किलोमीटर की लंबाई में फैला बाहरी परकोटा है, जो किले की बाहरी सुरक्षा सुनिश्चित करता था। किले के अंदरूनी हिस्से में भी एक परकोटा है, जिसे अन्त-किलेबंदी के रूप में उपयोग किया जाता था। किले के भीतर रानी महल, विशाल जल कुंड, मंदिरों के अवशेष और अन्य स्थापत्य संरचनाएं हैं, जो इसके गौरवशाली इतिहास की गवाही देती हैं।

किले का निर्माण पूरी तरह से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके किया गया है। इसमें बड़े अनगढ़ पत्थरों का उपयोग किया गया है और दीवारों को मजबूत बनाने के लिए चूना और मिट्टी का उपयोग किया गया है। किले के ऊपर विभिन्न संरचनाएं, जैसे रानी महल और अन्य स्थापत्य धरोहरें, इसकी भव्यता को और बढ़ाते हैं।

संरक्षण कार्य : अतीत को बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास सिंगौरगढ़ किला संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल है। इसके संरक्षण का कार्य 4 चरणों में किया जा रहा है। प्रत्येक चरण में किले के विभिन्न भंग हिस्सों का जीर्णोद्धार कर इनका संरक्षण और पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसमें मुख्यतः किले के बाहरी और आंतरिक दीवारों का संरक्षण, सीढ़ियों की मरम्मत, रानी महल की छत की मरम्मत और किले के अन्य संरचनाओं की मरम्मत का कार्य शामिल है। इसके लिए कुल 8.83 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं। किले के महत्वपूर्ण हिस्सों की मरम्मत और संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2020-21 में परियोजना के पहले चरण में 1 करोड़ 4 लाख रूपये के कार्य किये गये।

पहले चरण में किले के मुख्य प्रवेश द्वार (हाती गेट) का संरक्षण कार्य पूरा किया गया। इस चरण में हाथी गेट के प्रवेश मार्ग की मरम्मत, रिटेनिंग दीवार का निर्माण, पुराने प्लास्टर को हटाकर नए प्लास्टर का कार्य और गुम्बद की मरम्मत भी शामिल थी। साथ ही किले के परिसर में सैंड स्टोन फ्लोरिंग और लाईम कांक्रीट कार्य भी किया गया। यह कार्य वित्त वर्ष 2023-24 में पूरा हुआ।

भविष्य की योजनाएं और चरणबद्ध कार्य-अगले चरण में रानी महल, किले की सीढियों और कंगूरों की मरम्मत की जाएगी। बलुआ पत्थर के स्तंभों, पत्थर की बेंचों और अन्य स्थापत्य धरोहरों की भी मरम्मत की जाएगी। इस किले के संरक्षण कार्य का उद्देश्य इसे न केवल ऐतिहासिक रूप से सुरक्षित रखना है, बल्कि इसे पर्यटन के लिहाज से भी विकसित करना है, ताकि इसे मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल किया जा सके। प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहर का संगम-सिंगौरगढ़ किला एक ऐतिहासिक स्थल होने के साथ प्राकृतिक सौंदर्य से भी परिपूर्ण है। यह किला सिंग्रामपुर के आरक्षित वन क्षेत्र में स्थित है, जो इसे प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा संगम बनाता है। किले के आसपास का दृश्य बहुत ही मनोहारी है और यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

पर्यटन और रोजगार के अवसर-संरक्षण कार्य से किले को न केवल संरक्षित किया जा रहा है, साथ ही इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं। किले के संरक्षण के साथ-साथ, इसके आसपास के क्षेत्रों में भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी योजनाएं बनाई जा रही हैं। इससे क्षेत्रीय पर्यटन विकास और आर्थिक उन्नति होगी।

सिंगौरगढ़ किले का संरक्षण कार्य एक ऐतिहासिक धरोहर को बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले वर्षों में यह किला मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में जाना जायेगा।

# भाजपा संघ को अपना संरक्षक नही मानता

एक तरफ शताब्दी वर्ष के दौर की खुशी तो दूसरी ओर उपेक्षा का गम, आज इसी दौर से गुजर रहा है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज उसकी सबसे बड़ी चिंता यही है, उसकी सोच है कि आजादी के बाद से अब तक सर्वाधिक काल तक कांग्रेस सत्ता में रही, किंतु उस दौर में भी उसकी (संघ की) केंद्रीय सत्ता द्वारा इतनी उपेक्षा नही हुई, जितनी की आज भाजपा के शासनकाल में हो रही है।पिछले साल लगभग इन्हीं दिनों महाराष्ट्र के पूणे में संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक हुई थी, जिसमें भाजपा की चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई थी जिसमें संघ की उपेक्षा के गंभीर आरोप लगे थे, इसके बाद इसी साल केरल में आयोजित संघ की समन्वय बैठक में भाजपाध्यक्ष जगत प्रकाश नड्ड़ा का अचानक पहुंचना और वहां यह प्रकट करना कि संघ भाजपा को अपने अधीन न समझे, भाजपा का संघ से समान विचारधारा के अतिरिक्त कोई रिश्ता नही है, यह स्पष्ट करता है कि देश पर राज कर रही भाजपा संघ को अपना संरक्षक नही मानता।इन्हीं दो प्रसंगों ने संघ की चिंता बढ़ा दी हे, यद्यपि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अब तक इन दोनों घटनाक्रमों के संदर्भ में कुछ नही कहा है, किंतु वे चिंतित अवश्य है और अपने संघ के भावी अस्तित्व के प्रति गंभीर भी। अब इस स्थिति में यह भी संभव है कि संघ प्रमुख भागवत जी स्वयं अपने अस्तित्व की चुनौति को स्वीकार लें और अपने ही स्तर पर संघ को हर दृष्टि से मजबूत और आदर्श संगठन बनाने की ठान ले, इस घटना के बाद संघ प्रमुख की अपनी राष्ट्रव्यापी शाखाओं के प्रति बढ़ी सक्रीयता तो यही संदेश दे रही है, अब उन्होंने देश के सभी राज्यों के संघ प्रमुखों से जीवंत सम्बंध बनाए रखने तथा समय-समय पर उनसे चर्चा करते रहने का भी निश्चय कर लिया है, इसलिए अब संघ ने भाजपा शासित राज्यों में भी अपनी सक्रीयता बढ़ा दी है तथा वह अब अपने अस्तित्व की रक्षा में पूरी तरह जुट गया है।संघ की इस सक्रीयता से भाजपा तथा केन्द्र की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है, इसलिए राज्यों के भाजपा प्रमुखों के केंद्रीय संगठन से गोपनीय आदेश जारी किए गए है, जिनमें संघ की दैनंदिनी गतिविधियों पर तीखी नजर रखने को कहा गया है, अर्थात् अब संघ और भाजपा दोनों की ही एक-दूसरे पर तीखी नजर है।आज संघ की सबसे बड़ी और अहम् शिकायत ही यही है कि आजादी से अब तक के पचहत्तर वर्षों के कार्यकाल में अधिकांश समय कांग्रेस ही सत्ता में रही किंतु कांग्रेस के शासनकाल में भी संघ की इतनी उपेक्षा नही की गई, जितनी पिछले एक दशक से केन्द्र सरकार द्वारा की जा रही है, अटल-आडवानी जी के राज में भी संघ का निर्णायक अस्तित्व कायम था, जो आज नजर नही आ रहा है और फिर संघ की केरल बैठक में जाकर भाजपाध्यक्ष का दो टूक कथन अपने आपमें भाजपा संघ के रिश्तों के लिए काफी महत्व रखता है।

## तस्वीरों की दुनिया



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य नेता महाराष्ट्र के वाशिम में कृषि और पशुपालन क्षेत्रों के लिए पहलों के शुभारंभ के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए।



कांग्रेस नेता बजरंग पुनिया, अपनी पत्नी संगीता फोगट और अन्य लोगों के साथ झज्जर में हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान वोट डालने के बाद स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में सशस्त्र सेना महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।



सेंटर में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सदन की बैठक के दौरान भाजपा पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन किया।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आप विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नई दिल्ली में बस मार्शलों की बहाली के मुद्दे पर उपराज्यपाल के आवास राज निवास के बाहर धरना दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाशिम में बंजारा विरासत संग्रहालय के उद्घाटन के दौरान नांगरा बजाते हुए।

# तिरुपति लड्डू विवादः जिसे टेंडर मिला, उसने बनाया ही नहीं घी, तीन कंपनियों ने मिलकर किया घालमेल



**तिरूपति, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**

इस साल जून और जुलाई में लड्डू प्रसादम बनाने के लिए तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) पहुंचे मिलावटी घी के आठ टैंकर तमिलनाडु के उस एआर. डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड में नहीं बने थे, जिसे आपूर्ति का ठेका दिया गया था।ई-इनवायस, ई-वे बिल और टैंकर परिवहन दस्तावेज के आधार पर आंध्र प्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग ने पाया कि सभी आठ वाहन वैष्णवी डेयरी स्पेशलिटी प्राइवेट लिमिटेड, तिरुपति से निकले थे और टीटीडी तक आए थे। यह टेंडर की शर्तों का उल्लंघन था, क्योंकि घी के व्यापार की अनुमति नहीं थी।वैष्णवी डेयरी ने भी यह घी नहीं बनाया था। इसे उत्तराखंड के भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी मिल्क प्राइवेट लिमिटेड से खरीदा गया था। दस्तावेज के अनुसार, भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी ने वैष्णवी डेयरी को घी बेचे। वैष्णवी ने कथित तौर पर घी में मिलावट की और इसे एआर डेयरी को आपूर्ति की। एआर डेयरी ने वही घी टीटीडी को 319 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आपूर्ति की।

चार टैंकरों से एकत्रित नमूनों की जांच में घी में पशु चर्बी होने का पता चलने के बाद, टीटीडी ने टैंकरों को वापस भेज दिया और एआर डेयरी को ब्लैक लिस्ट में डालने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। दस्तावेज के अनुसार वैष्णवी डेयरी ने भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी मिल्क प्राइवेट लिमिटेड से जून 2024 में 412 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 19,500 किलोग्राम घी, 403 रुपये की दर से 29,000 किलोग्राम घी और 313.60 रुपये की दर से 1,58,500 किलोग्राम घी खरीदा। उसने उसी कंपनी से जुलाई 2024 में 403 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 64,000 किलोग्राम घी और 412 रुपये की दर से 19,500 किलोग्राम घी खरीदा था। वैष्णवी डेयरी ने ए.आर. डेयरी को जून 2024 के दौरान 315 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 16,700 किलोग्राम घी, 316.60 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 34,265 किलोग्राम घी और जुलाई 2024 में 334.39 रुपये की दर से 16,730 किलोग्राम घी और 316.60 रुपये की दर से 69,500 किलोग्राम की आपूर्ति की।आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने लड्डू प्रसादम की गुणवत्ता पर संतोष जताया है। टीटीडी द्वारा स्थापित वकुलामथा केंद्रीकृत रसोईघर के उद्घाटन के बाद नायडू ने कहा कि लड्डू प्रसादम बनाने के लिए प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशालाएं बनाने के साथ ही यदि आवश्यक हो तो टीटीडी तिरुमाला में पूरी प्रक्रिया पर सुझाव लेने के लिए आईआईटी, तिरुपति से भी परामर्श कर सकता है।

मुख्यमंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब हाल ही में उन्होंने और टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी ने पिछली वाईएसआर कांग्रेस सरकार के दौरान लड्डू प्रसादम में मिलावटी घी का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाया था। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस. जगन मोहन रेड्डी ने आरोप को खारिज कर दिया था। मंदिर प्रबंधन की ओर से कहा गया कि नायडू ने वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रबंधक टीटीडी के वरिष्ठ अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रसाद बनाने में केवल सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सामग्री का ही उपयोग किया जाए।

## कांग्रेस की मुट्ठी में दिख रहा हरियाणा
## जम्मू-कश्मीर में भी एनसी गठबंधन को बढ़त




**नई दिल्ली।** हाल ही में केंद्र की सत्ता में तीसरी बार वापसी करने वाली भाजपा को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम निराश कर सकते हैं। शनिवार को हरियाणा में मतदान के बाद आए विभिन्न एजेंसियों के चुनाव पूर्वानुमान (एग्जिट पोल) में भाजपा को नुकसान होता दिखाई दे रहा है। हरियाणा में कांग्रेस जहां अपने बलबूते स्पष्ट बहुमत की मजबूत सरकार बनाती दिख रही है, वहीं जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद हुए चुनाव में भाजपा बहुत मामूली बढ़त करती दिख रही है। हालांकि, महबूबा मुफ्ती के दल पीडीपी के ढलान के चलते नेशनल कान्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने के आसार हैं।हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 विधानसभा सीटों के लिए हुए चुनाव के परिणाम आठ अक्टूबर को मतगणना के बाद सामने आएंगे। हरियाणा में माना जा रहा था कि दस वर्ष से सत्तासीन भाजपा को सत्ता विरोधी लहर से नुकसान हो सकता है। संभवतः यह नाराजगी लंबे समय तक हरियाणा की कमान संभालने वाले मनोहर लाल खट्टर के प्रति थी, जिसके चलते चुनाव के कुछ माह पहले ही भाजपा नेतृत्व ने उन्हें अपदस्थ कर नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया।इधर, कांग्रेस संभवतः किसान आंदोलन, जाटों की नाराजगी, अग्निवीर योजना जैसे मुद्दों से भाजपा विरोधी नैरेटिव गढ़ने में सफल रही। कांग्रेस के लिए सोने पे सुहागा यह भी माना रहा है कि जेल से छूटकर संवेदनाएं भुनाने के लिए गृह राज्य के चुनाव में उतरे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पार्टी सहित बसपा, इनेलो या जजपा जैसे दल लगभग बेअसर रहे, जिसके चलते भाजपा विरोधी वोटों का बिखराव होता भी नहीं दिख रहा।

# गाय की पूंछ से लिया आशीर्वाद, सालासर में किए बालाजी के दर्शन, क्या सैलजा के मुख्यमंत्री बनने का सपना होगा पूरा





**चंडीगढ़, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**

हरियाणा में नई सरकार के गठन से पहले शनिवार को अपना वोट डालने के बाद सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा सालासर धाम पहुंच गईं।वहां उन्होंने पुजारी से राजनीतिक प्रगति का आशीर्वाद प्राप्त किया। अरदास करते पुजारी और गाय की पूंछ से आशीर्वाद लेती सैलजा का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल है। वहीं, कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मतदान से पहले कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पूजा-अर्चना की। कुमारी सैलजा ने शनिवार सुबह हिसार के अर्बन एस्टेट स्थित यशोदा स्कूल में अपना वोट डाला। कुछ देर बाद वे अचानक राजस्थान के ऐतिहासिक पीठ सालासर बालाजी चली गईं और वहां पूजा अर्चना की।इसके साथ ही सालासर स्थित गोशाला में जाकर सेवा भी की। यहां पुजारी रविशंकर ने कुमारी सैलजा के लिए अरदास की और गाय की पूंछ से उन्हें आशीर्वाद दिया। हरियाणा विधानसभा की सभी 90 सीटों के लिए मतदान संपन्न होते ही नेताओं ने सीएम बनने के ख्वाब पालने शुरू कर दिए हैं। हरियाणा के कई नेता ऐसे हैं, जिनकी दिली ख्वाहिश मुख्यमंत्री बनने की है। मगर एक्जिट पोल के नतीजे कुछ ओर ही इशारा कर रहे हैं। अंबाला कैंट से भाजपा प्रत्याशी अनिल विज ने मतदान करते ही दावा किया किया कि अगली मुलाकात सीएम आवास पर होगी।

कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तीसरी बार सीएम बनने की हसरत पाले हुए हैं। हालांकि हुड्डा कह चुके हैं कि मुख्यमंत्री पद पर सबका अधिकार है।हाईकमान का जो भी फैसला होगा, हम उसे स्वीकार करेंगे। सैलजा हमारी सीनियर नेता हैं। वहीं, त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और उनके चाचा अभय चौटाला भी सीएम बनने की दावेदारी पेश कर रहे हैं।

## रैली में भाग लेने इस्लामाबाद पहुंचे खैबर पख्तूनख्वा के सीएम गिरफ्तार, लाहौर में सेना तैनात




**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की रैली में भाग लेने पहुंचे खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर को शनिवार को इस्लामाबाद पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया। एससीओ समिट को देखते हुए इस्लामाबाद और लाहौर में सेना तैनात है। उधर रावलपिंडी स्थित अदियाला जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान शनिवार को 72 वर्ष के हो गए। इमरान समर्थकों से झड़प में 80 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। लाहौर में मोबाइल-इंटरनेट सेवा निलंबित है और मीनार-ए-पाकिस्तान के आसपास कर्फ्यू जैसी स्थिति है। पीटीआई के 700 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। पीटीआई ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों के साथ गंडापुर शनिवार दोपहर इस्लामाबाद स्थित खैबर पख्तूनख्वा हाउस पहुंचे।

पुलिस और अर्धसैनिक रेंजर्स ने सरकार से बातचीत कराने की बात कहकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले इस्लामाबाद जिला एवं सत्र अदालत ने गैरकानूनी हथियार एवं शराब जब्ती मामले में गंडापुर के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी किया। बाराकाहु थाने में पंजीकृत मामले से संबंधित मामले में मुख्यमंत्री कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए।एक दिन पहले शुक्रवार को सूचनामंत्री अताउल्ला तरार ने कहा था कि किसी को भी इस्लामाबाद के रेड जोन तक पहुंचने और एससीओ समिट को बाधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सेना बुला ली गई है और रेंजर्स भी मौजूद हैं। खैबर पख्तूनख्वा में मौजूद आतंकी इस्लामाबाद आ रहे हैं।इमरान की पार्टी ने जयशंकर को प्रदर्शन में आने का निमंत्रण दिया पीटीआई ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पाकिस्तान सरकार के विरुद्ध होने वाले अपने प्रदर्शन में आने का अनुरोध किया है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रां के बयान पर पीएम नेतन्याहू का पलटवार बोले- उन्हें शर्म आनी चाहिए, हम उनके बिना भी जीतेंगे



**यरूशलम, 06 अक्टूबर ।**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने इजरायल को गाजा में इस्तेमाल होने वाले हथियारों की बिक्री रोक देने की बात कही थी, वहीं अब मैक्रां के बयान पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बयान आया है। उन्होंने शनिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें शर्म आनी चाहिए।नेतन्याहू ने मैक्रां के साथ अन्य पश्चिमी नेताओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा कि इजरायल उनके समर्थन के साथ या उसके बिना भी जीतेगा। नेतन्याहू ने कहा कि उनका हथियार प्रतिबंध का आह्वान करना अपमानजनक था। नेतन्याहू ने अपने कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा कि इजरायल ईरान के नेतृत्व वाली हिलबुल्ला जैसी बर्बरता की ताकतों से लड़ रहा है। सभी सभ्य देशों को इजरायल के पक्ष में मजबूती से खड़ा होना चाहिए। फिर भी, राष्ट्रपति मैक्रां और अन्य पश्चिमी नेता इजरायल के खिलाफ हथियार प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए।उन्होंने कहा कि क्या ईरान हिलबुल्ला, हूथियों, हमास और उसके अन्य प्रतिनिधियों पर हथियार प्रतिबंध लगा रहा है। बिल्कुल नहीं।

सभी तीन समूह तेहरान द्वारा समर्थित हैं और इजरायल पर लगातार हमले कर रहे हैं यह सभी एक धुरी में काम कर रहे हैं। आगे बोले कि आतंक की यह धुरी एक साथ खड़ी है। लेकिन जो देश कथित तौर पर इस आतंकी धुरी का विरोध करते हैं, वे इजरायल पर हथियार प्रतिबंध लगाने का आह्वान करते हैं।

# अब गाजियाबाद में पाएं सिर्फ 5.5 लाख रुपये में अपना घर, यूपी सरकार ने लॉन्च की सस्ते फ्लैटों की योजना

**गाजियाबाद, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के किनारे कम आयवर्ग वाले लोगों को महज 5.5 से 12.5 लाख रुपये में फ्लैट मिल सकेगा। यह सपना गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार में पूरा हो सकता है। यूपी सरकार ने प्रतीक ग्रुप के साथ मिलकर सिद्धार्थ विहार में एक नया हाउसिंग प्रोजेक्ट लॉन्च किया है। सिद्धार्थ विहार में यह प्रोजेक्ट प्रतीक आरेलिया के नाम से लांच किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की टाउनशिप योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और



निम्न आय वर्ग (एलआइजी) के परिवारों के लिए यहां फ्लैट बनाए जा रहे हैं। इस परियोजना के लिए 125 करोड़ रुपये का निवेश होगा। प्रतीक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रतीक तिवारी का कहना है कि प्रतीक आरेलिया के लॉन्च पर हम बेहद उत्साहित हैं। यह प्रोजेक्ट ईडब्ल्यूएस और एलआइजी परिवारों के लिए घरों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेगा। सिद्धार्थ विहार इलाके में बनने वाले फ्लैट्स में ईडब्ल्यूएस के लिए 5.35 लाख रुपये में घर मिलेगा।

वहीं एलआईजी परिवारों के लिए 12.58 लाख रुपये में फ्लैट मिलेगा। बता दें, यह प्रोजेक्ट प्रतीक ग्रैंड सिटी टाउनशिप का ही एक हिस्सा है, जो 40 एकड़ में फैला हुआ है। इस प्रोजेक्ट में यहां रहनेवाले लोगों के लिए दोपहिया वाहन पार्किंग, हरा-भरा क्षेत्र, बुजुर्गों के बैठने की जगह, बच्चों के खेलने का स्थान, और मल्टीपर्पज रूम जैसी कई आधुनिक सुविधाएं होंगी।

## भुवनेश्वर के रासायनिक कारखाने में हुआ गैस रिसाव, मचा हड़कंप

**भुवनेश्वर, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**

ओडिशा के भुवनेश्वर में चंदाका औद्योगिक एस्टेट में एक रासायनिक कारखाने से गैस रिसाव की सूचना मिली है। केमिकल फैक्ट्री से आगास रिसाव से शनिवार को हड़कंप मच गया। हालांकि, मौके पर अग्निशमन कर्मियों के पहुंचने से बड़ा हादसा होने से टल गया। स्थानीय पुलिस स्टेशन की एक टीम के साथ अग्निशमन सेवा कर्मी मौके पर पहुंचे।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़, लेफ्टिनेंट कर्नल सहित छह सैनिकों की मौत, 6 आतंकी भी ढेर



**पेशावर, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई मुठभेड़ में एक अधिकारी समेत छह सैनिक और उतने ही आतंकी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को कहा कि उत्तरी वजीरिस्तान के स्पिनवाम क्षेत्र में चार-पांच अक्टूबर की रात मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में लेफ्टिनेंट कर्नल मुहम्मद अली शौकत समेत छह सैनिकों की जान चली गई। शौकत मुठभेड़ में अभियान की अगुआई कर रहे थे। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। कई आतंकी संगठनों के समूह के रूप में 2007 में गठित टीटीपी को पाकिस्तान ने आधिकारिक रूप से फितना अल-खवारिज घोषित कर रखा है। पाकिस्तान सरकार बार-बार टीटीपी के अफगानिस्तान से संचालित होने का आरोप लगाती रही है, लेकिन तालिबान इससे इन्कार करता रहा है।

अफगानिस्तान में तालिबान के 2021 में सत्ता पर कब्जा कर लेने के बाद से पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं में तेजी आ गई है।टीटीपी के लगातार हमलों के कारण इस्लामाबाद और काबुल के बीच रिश्ते खराब हो गए हैं। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू शहर के निवासी ने जुलाई में शांति के लिए विरोध प्रदर्शन किया था। इसके अलावा वजीरिस्तान और पख्तूनख्वा राज्य के अन्य जिलों में अशांति के कारण नागरिकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया है, जिन्होंने अधिक सुरक्षा की मांग की है।

## पराली जलाने वालों पर सख्ती, 1.85 लाख रुपये जुर्माना, 50 रेड एंट्रीज, 6 एफआईआर



**पटियाला, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**

15 सितंबर से राज्य में धान की फसल कटाई के साथ ही पराली जलाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। अब तक राज्य में पराली जलाने के 193 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं इस बार पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) पराली जलाने के मामलों को लेकर एक्शन मोड में है, जिसके चलते पराली जलाने के इन 193 मामलों में से 65 मामलों में 1.85 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है, जबकि छह मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा 50 रेड एंट्रीज की गई है। मुख्यमंत्री ने भी जिलों के डीसी को पराली जलाने से रोकने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।हर वर्ष सितंबर से लेकर नवंबर के आखिर तक राज्य में पराली जलाने से आबोहवा प्रदूषित होती है और वर्ष लाख कोशिशों के बावजूद पराली जलाने के मामलों पर लगाम लगती नहीं दिखाई दे रही।

जिसके चलते इस बार पीपीसीबी ने गंभीरता दिखाते हुए सीजन के शुरूआत से ही कार्रवाई शुरू कर दी है।इस बार कार्रवाई केवल जुर्माने लगाने तक ही सीमित नहीं बलकि इसकी वसूली भी शुरू कर दी गई है। अब तक 65 मामलों में 1.85 लाख रुपये जुर्माना लगाने के साथ-साथ पीपीसीबी की तरफ से 1.70 लाख रुपए की वसूली भी की जा चुकी है।शनिवार को राज्य में पराली जलाने के पांच नए मामले सामने आए हैं। इसके चलते राज्य में पराली जलाने के मामले 193 हो चुके हैं। पराली जलाने के सबसे ज्यादा मामले अमृतसर से सामने आए हैं। अब तक अमृतसर में पराली जलाने के 96 मामले सामने आ चुके हैं।

# मतगणना से पहले जम्मू को दहलाने की साजिश नाकाम, सड़क किनारे मिली डेढ़ किलो वजन वाली टाइमर लगी टिफिन IED

**जम्मू, 06 अक्टूबर [एजेंसी]।**

जम्मू के ग्रामीण क्षेत्र घरोटा से गुजर रही निर्माणाधीन रिंग रोड में सुरक्षाबलों ने आतंकी की एक बड़ी साजिश को विफल बनाते हुए समय रहते इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईडी) को बरामद किया। इस आईडी को एक टिफिन में छुपा कर सड़क किनारे झाड़ियां में रखा हुआ था। बम निरोधक दस्ते की मदद से सुरक्षाबलों ने इस आईडी को निष्क्रिय कर दिया। आइईडी मिलने के बाद रिंग रोड़ में सुरक्षा वालों ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन वहां से कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अंधेरा होने के चलते सुरक्षा बलों ने अभियान को बंद कर दिया। हालांकि, रविवार सुबह भौर फूटने के बाद एक बार फिर से वहां तलाशी अभियान चलाया जाएगा। गौरतलब है कि मंगलवार को जम्मू में हुए मतदान के वोटों की गिनती होनी है, जिसके बाद जहां नई सरकार का गठन होना है। मतगणना से पूर्व आतंकी अपनी मौजूदगी दिखाने के लिए रिंग रोड़ में आईईडी लगाई होगी।शनिवार शाम देर शाम 7.00 के करीब सेना और पुलिस का एक गश्ती दल रिंग रोड में गश्त कर रहा था। इस दौरान उनकी नजर कोट इलाके में गुजर रही रिंग रोड में सड़क किनारे झाड़ियां में पड़े एक डिब्बे पर पड़ी। डिब्बे को पैकिंग टेप लगाकर बंद किया गया था। जो देखने में संदिग्ध लग रहा था। सुरक्षा बलों ने जब उस टिफिन बाक्स की दूर से जांच की तो वह है देखने में विस्फोटक



सामान लग रहा था। जिसके बाद पूरी एहतियात बरतते हुए वहां सेना के बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। जो कुछ ही देर में वहां पहुंच गया और उन्होंने पूरी सावधानी बरते हुए आईडी के आसपास रेत से भरी बोरियां रख दी ताकि वह फट जाए तो कोई जानी नुकसान न होने पाए। इसके बाद रात को वहां विस्फोट कर उस आईडी को निष्क्रिय कर दिया गया। जैसे ही रिंग रोड में आईईडी बरामद होने की बात सामने आई तो पुलिस अधिकारियों ने बिना समय गवाई रिंग रोड में यातायात को दोनों तरफ से रोक दिया। सुरक्षा वालों ने किसी भी वहां को रिंग रोड में चलने की इजाजत नहीं दी। हालांकि कुछ देर के लिए पुलिस द्वारा किए गए इस कदम के बाद वहां दहशत फैल गई लेकिन पुलिस की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया।आतंकियों ने जम्मू के रिंग रोड को दहलाने के लिए करीब डेढ़ किलो की आईडी वहां लगा रखी थी। यदि यह आईडी विस्फोट हो जाती तो बड़ा हादसा हो जाता था। बताया जा रहा है की आइईडी पर टाइमर भी लगा हुआ था। लेकिन टाइमर होने की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी हालांकि इस बारे में खुलकर कुछ भी नहीं बोल रहे। सूत्रों की माने तो आईडी पर टाइमर लगा हुआ था।जिला सांबा से शुरू हुआ रिंग रोड जम्मू के नगरोटा तक आता है। रिंग रोड अभी पूरी तरह से बना नहीं है। इसलिए यहां पर सुरक्षा बलों की तैनाती नहीं रहती और ना ही यहां पर अधिक सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इसलिए यह माना जा रहा है कि आतंकियों ने रिंग रोड को वारदात को अंजाम देने के लिए चुना होगा। रिंग रोड में अभी कोई भी पुलिस थाना या चौकी नहीं बना हुआ है और ना ही पुलिस का कोई स्थायी नाका है।






# मेडिकल हब के रूप में जाना जाएगा एमसीबी:डॉ.खरे

**मनेंद्रगढ़।** एमसीबी प्रेस क्लब और मनेंद्रगढ़ पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में जिले के पत्रकारों एवं एवं उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ के चैनपुर स्थित पत्रकार भवन में आयोजित शिविर में जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले के द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गईं। पत्रकारों और उनके परिजनों के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों डोमनापारा, चैनपुर, लालपुर के ग्रामीणों सहित चैनपुर प्राथमिक शाला के बच्चों ने भी बड़ी संख्या में शामिल होकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।

शिविर में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, पूर्व सीएमएचओ डॉ. सुरेश तिवारी, बीएमओ मनेंद्रगढ़ एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएस सिंह, एमडी आयुर्वेद डॉ. पूर्णिमा सिंह, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश जायसवाल, नेत्र रोग विशेषा डॉ. अंशुल सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय शंकर सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अभया गुप्ता, डॉ. एसपी गुरिया, डॉ. ऊषा लकड़ा एवं काउंसलर सरला तिवारी ने अपनी सेवाएं दी। सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे ने कहा कि एमसीबी जिले को आने वाले समय में मेडिकल हब के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने मेडिकल कॉलेज, आईसीयू और जिला अस्पताल के शीघ्र शुभारंभ होने की बात कही। पूर्व सीएमएचओ डॉ. सुरेश तिवारी ने जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को चुनौती बताया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक क्यों नहीं जाना चाहते, शासन को इस पर आत्मा से विचार करना होगा। उन्होंने शासन को रेफर सिस्टम को समाप्त किए जाने पर विचार करने को कहा साथ ही जिले में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने टीम के रूप में कार्य करने के लिए भरोसा दिलाया। बीएमओ डॉ. एसएस सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आयुष्मान योजना की सराहना की और सभी से इसका लाभ लेने की अपील की। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विनयशंकर सिंह ने स्वास्थ्य शिविर की सराहना की और समय-समय पर इसी प्रकार शिविर लगाकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए कहा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने शिविर में अपनी सेवाएं देने के लिए पहुंचे चिकित्सकों के प्रति साधुवाद व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब के द्वारा प्रशासनिक एवं जनसहयोग से सामाजिक कार्यों का निर्वहन किया जा रहा है। उन्होंने क्लब के द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में सदस्यों के अटूट सेवाभावी कार्यों की सराहना की। शिविर को सफल बनाने में सीएचसी पंचकर्म सहायक प्रेम कुमार यादव, फार्मासिस्ट आयुर्वेद मुकेश सिंह, आरएसबीवाय ऑपरेटर आयुष्मान अविनाश विश्वकर्मा, लैब टेक्निशियन निकेश कुमार गुप्ता, वार्ड ब्वॉय पिंटू कुमार साहू, आदर्श पैरामेडिकल की छात्रा अंजलि, तनवी, नीरा, श्री राम इंस्टीट्यूट की छात्रा खुशी दहायत, रचना प्रजापति, अनुराधा, असिस्टेंट वैशाली नायक, लैब मैनेजमेंट जयप्रकाश वर्मा, ग्रामीण चिकित्सा सहायक सीएचसी मनेंद्रगढ़ अविनाश पाण्डेय सहित एमसीबी प्रेस क्लब के सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का प्रेस क्लब के अध्यक्ष रंजीत सिंह, पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब के संयोजक सतीश गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन मनेंद्रगढ़ पत्रकार संघ अध्यक्ष प्रवीण निशी के द्वारा किया गया।

**स्वास्थ्य विभाग ने लगाया पत्रकारों और परिजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर**



## केबी पटेल कालेज नवरात्र पर नए तर्ज पर लेकर आ रहा है गरबा महोत्सव

**चिरमिरी।** केबी पटेल कॉलेज नवरात्र के पावन शुभ-अवसर पर लेकर आ रहा है नये तर्जो के साथ गरबा-डांडिया नृत्यों का महोत्सव। हमारे नगर चिरमिरी के बहन-बेटियों के अरमानों को पुरा करने के लिए के.बी. पटेल कॉलेज आर्कषक उपहारों के साथ गरबा-डांडिया महोत्सव का आयोजन कर रहा है जिसमे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 7, 8 एवं 9 अक्टुबर 24 को शाम 6 बजे से 10 बजे तक जिसका नृत्य, ड्रेस, डांडिया- गरबा आदि बेहतरीन प्रदर्शन रहेगा वे सब उपहार के पात्र रहेगें। यह गरबा-डांडिया महोत्सव महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान अन्य राज्यों के तर्जो पर गरबा नृत्य का आयोजन किया जा रहा है । के.बी. पटेल कॉलेज के डायरेक्टर विश्वजीत बारीक ने कहा कि गरबा महोत्सव मे सम्मलित होने व देखने के लिए अन्य स्थानों से लोग आते है और गरबा- डांडिया नृत्य मे भाग लेते रहे है । यह गरबा पिछले 11 वर्षों से लगातार होता आ रहा है । गरबा मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम 25,000 , द्वितीय 15,000 , तृतीय 10,000 रू का पुरस्कार दिया जायेगा। बाकी अन्य प्रतिभागियों को उम्मीदों से ज्यादा उपहारों से सम्मानित किया जायेगा। यह सोच समझ के साथ उच्च विचार से प्रतिभा के धनी हम लोगों के प्रिय श्री चंद्रकांत पटेल अपने नगर के बहन-बेटियाँ गरबा - डांडिया नृत्य सदैव प्रतिवर्ष नवरात्र के पावन शुभ- अवसर अपने पावन धरा पर करते रहे जिसे माता रानी की कृपा हम सब पर बनी रहें।

### परतंत्रता के कालखण्ड में दिखाया था शौर्य व पराक्रम

# महारानी दुर्गावती को जयंती पर याद किया समाज ने





**चिरमिरी/खड़गवां।** खड़गवां जनपद के दुबछोला ग्राम पंचायत में नवीन जनजाति गौरव समाज महारानी दुर्गावती के जमोत्सव पर प्रेरणा लेने सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर आस पास के सभी लोगों को बुलाकर मनोरंजन कराया गया और रानी दुर्गावती के जीवन पर समाज के नेताओ द्वारा प्रकाश डालने का काम किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक व संसदीय सचिव श्रीमती चंपा देवी पावले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष खड़गवां सोनमती उर्रे, पूर्व जनपद अध्यक्ष कन्या कुमारी नेटी, नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह, पार्षद पुष्पा सिंह सहित समाज के पुरोधा और ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के बीच में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल महरानी दुर्गावती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर महारानी दुर्गावती को याद किए। जनजाति गौरव समाज के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री ने कहा कि आज से 5 साल पहले दुबछोला कैसा था, 25 साल पहले कैसा था, आज 25 साल बाद कैसा है। एक भी पक्का घर नहीं था, एक भी पक्का सड़क नही था, बिजली नही था, हैंडपंप नही था। मोबाइल नही था लेकिन 500 साल पहले 5 अक्तूबर 1524 में रानी दुर्गावती का जन्म कालिंजर के राजा जी के घर में हुआ। 500 साल पहले कल्पना कीजिए कि जहा सड़क नही, बिजली नही, मोबाइल नही, गाड़ी नही, उस जमाने में रानी दुर्गावती का विवाह गढ़ मंडला राजा संग्राम सिंह के बेटे दलपत शाह जी के साथ 1550 ईसवी में हुआ और दलपत शाह जी के निधन के बाद अपने छोटे से बेटे को गद्दी पर बैठाकर पूरे देश और विश्व में नारी शक्ति का मान बढ़ाया है। मुगलों के साथ समझौता नहीं किया बल्कि 51 बार युद्ध लड़ा और जीता भी, 52 वे बार जब हारने की नौबत आई तो मुगलों की दासी बनने की बजाय अपने ही खंजर से अपनी जान ले ली। हम सबको यैसी महारानी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है कि नारी कभी भी कमजोर नही रही। आज की दिन विशेष है क्योंकि रानी दुर्गावती का जन्म आज ही के दिन 5 अक्तूबर और नवरात्रि का समय और साल 1524 रहा और आज भी 5 अक्तूबर है, नवरात्रि चल रहा है और साल 2024 है। वही जनजाति गौरव समाज की मांग पर मंच से ही केबिनेट मंत्री ने दुबछोला में चौक निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की और कहा कि घटने पर और दिया जाएगा लेकिन चौक खूबसूरत होना चाहिए। इसके बाद मंत्री ने ग्रामीणों के कहने पर चौक के स्थान का निरीक्षण किया। उक्त कार्यक्रम में सरपंच दुब्छोला श्रीमती राम कुंवर, रामलखन सिंह जिला महामंत्री मंच संचालन, मुकेश जायसवाल जिला कोषाध्यक्ष भाजपा एम सी बी, प्रेम सिंह सरपंच कौड़ीमार,प्रेम नारायण पूर्व सरपंच कटकोना तथा सैकड़ों लोग मौजूद रहे और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आंनद उठाए। उपस्थित भीड़ को शांत करने के लिए थाना प्रभारी खड़गवां रामनयन गुप्ता दल बल के साथ तैनात रहे।

## मैनपाट में शासकीय जमीन से हटाया अतिक्रमण

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल मैनपाट में शासकीय जमीन से अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई जारी है। शनिवार को मैनपाट के तहसील मुख्यालय नर्मदापुर में सात एकड़ शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह जमीन नर्मदापुर तहसील कार्यालय के समीप है। इसी स्थल के नजदीक झंडा पार्क का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। भविष्य में इस शासकीय जमीन का उपयोग झंडा पार्क को विस्तारित करने में किया जा सकता है। एसडीएम सीतापुर रवि राही ने बताया कि मैनपाट के नर्मदापुर में त्रिवेणी यादव और लवंग यादव द्वारा सात एकड़ शासकीय जमीन पर कब्जा किया गया था। जमीन के चारों ओर बाक्साइट पत्थर का अहाता बनाया गया था। समय-समय पर कब्जाधारी द्वारा जमीन पर खेती भी की जाती थी। तहसील कार्यालय के ठीक सामने शासकीय जमीन पर अतिक्रमण के विरुद्ध प्रकरण पंजीकृत किया गया था।

# पालिटेक्निक कालेज शुरु, सिविल और माईनिंग की होगी पढ़ाई




**चिरमिरी।** कोयलांचल चिरमिरी का बहुप्रतीक्षित मांग पालीटेक्निक कालेज आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के फीता काटते ही विधिवत प्रारंभ हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर हुई। स्वागत सत्कार से पूर्व छत्तीसगढ़ महतारी की राजकीय गीत पर मौजूद कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि, कालेज स्टाफ़ और छात्र छात्राओं ने खड़े होकर अभिवादन किया। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया। इस दौरान पूर्व महापौर डमरू बेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केसरवानी, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम संतोष सिंह द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज चिरमिरी में विधिवत शुरुआत कराने के लिये स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया गया। वही आगामी चिरमिरी को मिलने वाली बड़ी सौगातों और आने वाले बड़े प्रोजेक्टों की साक्षिप्त जानकारी देते हुए चिरमिरी में शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज को बड़ी उपलब्धि बताया। शासकीय पॉलिटेनिक कॉलेज के शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल उपस्थित कालेज स्टाफ़ व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के नाम पर जो झूठे वायदे किए गए, जहां देखा गया कि चिरमिरी शहर के बड़ी बाज़ार के जिस अस्पताल को सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का नाम दिया जा रहा था, वो ना तो सुपर था ना ही स्पेशल । ऐसा ही डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के लिए भी लोगों के साथ छला गया, ऐसा ही एडवेंचर पार्क के लिए लोगों को भ्रमित किया गया और आज वर्तमान समय तक कांग्रेस अपने किए गए तमाम वादों को पूरा नहीं कर सकी। मगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम करने के लिए जनता के बीच है। ये पॉलिटेक्निक कॉलेज जिसे सरकार द्वारा दस करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है, ये पॉलिटेक्निक कॉलेज आम जनमानस की सेवा के लिए, बच्चों के लिए सरकार द्वारा शुरू किया जा रहा है। इस पॉलिटेक्निक कॉलेज में मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल माइनिंग समेत कई अन्य विषयों पर बच्चों को पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे कि बच्चों को रोजगार मिल सके । इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि कांग्रेस की तरह लोगों को मात्र झूठे सपने दिखाने का काम भाजपा नहीं करती है। पिछली सरकार यानि कांग्रेस पार्टी ने रेल्वे के प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाया, यह कह कर कि इसकी अभी ज़रूरत नहीं है। जबकि लोगों ने कांग्रेस शासन काल में इसकी मांग की थी, मगर लोगों को ठगने के अलावा कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। वहीं भाजपा ने लोगों के ज़रूरतों को तकलीफों को समझा, बहुत जल्द छह माह के भीतर नागपुर से पाराडोल रेल्वे लाईन लगने वाली है, जिससे लोगों को कांग्रेस के शासनकाल में जिन सुविधाओं से वंचित रखा गया था यह कह कर कि इनकी अभी ज़रूरत नहीं है, उन सुविधाओं को भाजपा अपने आम जनता के लिए धरातल से जोड़ते हुए सफलतापूर्वक पूरी करने जा रही है। एक हफ्ते के अंदर परसगढी में मेडिकल कॉलेज का कार्य शुरू होगा, जिसमें सरकार ने पांच सौ करोड़ की मंजूरी दे दी है जिससे चिरमिरी एवं मनेंद्रगढ़ के लोगों को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार के नए अवसर मिल सकें। चिरमिरी मनेंद्रगढ़ के लोगों ने सपना देखा था कि उनके क्षेत्र से पूरी ट्रेन जाए और लोगों को सुविधाएं मिले, रोजगार के अवसर मिले, जिसके लिए मैंने अपने पिछले कार्यकाल में रेल्वे का भुमिपूजन कार्य भी कर दिया था । केंद्रीय कोयला मंत्री ने मुमिपूजन भी कर दिया था, राज्य सरकार ने 241 करोड़ में से 120 करोड़ पचास लाख राज्यांश के लिए सहमति भी दे दी थी, केंद्रीय सरकार ने 1 करोड़ टोकन मनी भी जारी कर दिया था, लेकिन दुर्भाग्यवश पिछली सरकार ने यह कह कर उस प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाया कि उसकी आवश्यकता नहीं है, क्यों आवश्यकता नहीं है? चिरमिरी मनेंद्रगढ़ के लोग मध्यप्रदेश में जा कर ट्रेन में बैठे सकते हैं, मगर घर में ट्रेन आएगा तो उनको दिक्कत हो जाती? इसीलिए पांच साल भी नहीं हुआ और एक महीने के अंदर नागपुर से पाराडोल रेल्वे लाईन टेंडर लगने? वाली है और नया रेलवे स्टेशन नगर पालिक निगम चिरमिरी के नेता प्रतिपक्ष संतोष कुमार सिंह के वार्ड क्रमांक 01 में जीएम कॉम्प्लेक्स और मोहन कॉलोनी के आस पास बनाई जाएगी। इसी तरह आने वाले समय में हमारे और भी कई प्रोजेक्ट आ रहे हैं, उद्यानिकी महाविद्यालय जिसके लिए भवन और हॉस्टल के लिए पन्द्रह करोड़ की स्वीकृति दस दिन पहले ही मिल चुकी है, उसके टेंडर की प्रक्रिया भी चालू हो चुकी है, आने वाले समय में चिरमिरी या चिरमिरी के आस पास सरभोका के निकटवर्ती क्षेत्र में कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की जाएगी, इसकी भी जिम्मेदारी के साथ मैं घोषणा करता हूं। इसके साथ ही कालेज के चार मांगों पर कैबिनेट मंत्री ने स्वीकृति देते हुए निगम कमिश्नर को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर स्टीमेट बनाकर भेजे। उक्त कार्यक्रम स्वास्थ्य मंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशवानी, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव, महिला मंडल की रानी गुप्ता, पुरुषोत्तम सोनकर सहित, भाजयुमो एवं आईटीआई कालेज के स्टाफ़, छात्रा-छात्राये, शासकीय पॉलीटेक्निक के स्टाफ़ एवं नवप्रवेशी छात्र मौजूद रहे।

## जीपीएस व जीआईएस वाली ब्रांच होगी देश में दूसरे नंबर पर

शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज चिरमिरी का सत्र 2024-25 प्रारंभ हो गया। उक्त शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज भवन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति 911.44 लाख रुपए और उपकरण एवं साज सज्जा के लिए 100.00 लाख यानि 10 करोड़ 11 लाख 44 हजार रुपए हुई है। विदित हो कि शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी में चार ब्रांच सिविल इंजीनियर, माइनिंग इंजीनियर, मैकेनिकल इंजीनियर और जीपीएस एवं जीआईएस के लिए 60-60 की क्षमता निर्धारित की गई है, जिसमे कुल 240 छात्र छ्त्राए अध्यनरत होंगे। वर्तमान सत्र में फिलहाल कुल 27 नवप्रवेशी छात्रों से आरंभ हुए कालेज में 8 सिविल इंजीनियर व माइनिंग के 19 छात्रा शामिल है। कालेज के स्टाफ़ सेटअप की बात करे तो शैक्षणिक स्टाफ़ 23 और सहयोगी स्टाफ़ 45 यानि कुल 68 शिक्षक को स्वीकृति है । वही नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 01 में 05 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। फिलहाल अस्थाई तौर पर आज से प्रथम तल शासकीय आईटीआई संस्था चिरमिरी में की गई है। जानकारी के अनुसार एआईसीटीई भारत सरकार से मान्यता 31 /05/24 और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी सीएसवीटीयू से संबंधता 18/07 /24 को मिली। शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज चिरमिरी के प्रिंसिपल रामजी पांडे ने बताया कि जीपीएस एवम जीआईएस चिरमिरी का ऐसा दूसरा ब्रांच पूरे भारत में होगा, इसका पहला ब्रांच वेस्ट बंगाल कलकत्ता में है, वही प्रदेश 33 वां और सरगुजा का 5 वॉ है।



## हाथियों के दल ने मचाया उत्पात फसलों को भारी नुकसान

**सूरजपुर।** दो दिनों से आठ हाथियों का दल बिहारपुर इलाके में उत्पात मचा रहा है। जंगल से लगे गांवों में पहुंचकर हाथियों द्वारा खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हाथियों का दल बिहारपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम कछिया, पड़वारी, नवडीहा व मोहरसोप में फसलों को रौंद रहा है। ग्रामीणों में भय की स्थिति निर्मित है। वन अमला मुनादी कराकर ग्रामीणों को सजग करने में जुटा है। हाथियों के दल में दंतैल व मादा हाथियों के साथ ही दो बच्चे भी शामिल है। जिले के दूरस्थ बिहारपुर चांदनी समेत प्रेमनगर व प्रतापपुर इलाके में लंबे समय से हाथियों की आवाजाही बनी हुई है। सैकड़ो किसानों की फसलों को रौंदने के साथ ही कई ग्रामीणों के घरों को हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। तमाम कोशिशों के बावजूद वन अमला हाथियों को खदेड़ पाने में नाकाम रहा है। वन मंडल सूरजपुर के बिहारपुर वनपरिक्षेत्र में गुरुवार की देर शाम प्रतापपुर इलाके से पहुंचा आठ हाथियों के दल ने कछिया समेत पड़वारी, नवडीहा व मोहरसोप गांवो में किसानों की खेतो में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। रातभर खेतो में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाने के बाद हाथियों का दल गांव से लगे गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में चला गया। दिनभर विश्राम करने के बाद देर शाम हाथियों का दल जंगल से लगे गांव की तरफ अपना रुख कर लेता है।

# नवरात्र के दौरान व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई

## जिलाधीश और एसपी ने सबके कल्याण की कामना की

**कोरबा।** सिद्ध शक्तिपीठ महामाया में आश्विन नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। 30000 से अधिक ज्योति कलश यहां प्रज्ज्वलित किए गए हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति देवी दर्शन के लिए हो रही है। किसी भी कारण से यहां की व्यवस्था ना बिगड़े, इसके लिए पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी लगातार इस क्षेत्र का जायजा ले रहे हैं।

बिलासपुर संभाग के अंतर्गत स्थित रतनपुर के महामाया मंदिर में नवरात्र पर्व पर इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति हो रही है। महामाया और भैरव मंदिर में विभिन्न अनुष्ठान किए जा रहे हैं।। 9 दिन तक चलने वाले पर्व और इसमें अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी को लेकर प्रशासन और पुलिस की चुनौती बढ़ी हुई है। जबरिया तरीके से दुकानों का सामान बाहर रखने और कहीं भी गाड़ियां खड़ी करने के मामलों को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। थाना प्रभारी ने ऐसे मामलों को लेकर कार्रवाई की। इसके साथ संबंधित लोगों को चेतावनी दी गई कि अगर आगे ऐसी हरकत होगी तो और कठोर कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन और पुलिस के जिलाधिकारी भी इस कड़ी में रतनपुर पहुंचे और महामाया का दर्शन करने के साथ पूजा अर्चना की। महामाया ट्रस्ट की ओर से दोनों अधिकारियों को अंग वस्त्र भेंट किए गए। कलेक्टर्स ने सभी नागरिकों को इस पर्व की बधाई दी और बताया कि नवरात्र पर सभी तरह की व्यवस्था को बेहतर करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पदयात्रियों को सुविधा देने के लिए 25 किलोमीटर लंबे मार्ग पर आवश्यक प्रबंध किए गए हैं और 35 की संख्या में ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया है। मंदिर क्षेत्र से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर 200 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी, निरीक्षक के अलावा नगर पालिका के अधिकारी को भी नियंत्रण के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

नवरात्र पर्व को शक्ति की उपासना का माध्यम माना जाता है इसलिए पर्व के 9 दिन तक कई अनुष्ठान किए जाते हैं। रतनपुर के महामाया की ख्याति धार्मिक करण से बनी हुई है इसलिए यहां हर पर्व में काफी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठे होते हैं

### छातासरई में सांप के काटने से मौत

**कोरबा।** कोरबा में सर्पदंश के दौरान लोगों की मौत होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। बालको थानांतर्गत छाता सराई गांव में करैत नामक जहरीले सांप के काटने से 8 वर्षीरू मासूम बच्ची की मौत हो गई। मृतका का नाम ममता था। बताया जा रहा है,कि बीती रात वह खाना खाकर सो रही थी। रात करीब दस बजे उसे सांप ने काट लिया। परिजनों को जब इस बात की जानकारी हुई तब वे उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उसका उपचार शुरु किया गया,।

# देवी दर्शन के लिए निकले नेता प्रतिपक्ष व सांसद



**कोरबा ।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर देवी दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान 6 अक्टूबर को आदिशक्ति मां महामाया देवी रतनपुर पहुंचकर दर्शन करेंगे। इसके बाद महिषासुर मर्दिनी मंदिर चैतुरगढ़ पहुंचकर देवी दर्शन के बाद कटघोरा के लिए रवाना होंगे। कटघोरा में नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के उपरांत कोरबा रवाना होकर पुरानी बस्ती स्थित स्व. इशहाक रिज्वी बाबा खान के निवास पहुंचकर कर शोक संतृप्त परिजनों से मिलेंगे व कोरबा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम कोरबा में करने के बाद अगले दिन 7 अक्टूबर को छुरी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होकर जांजगीर-चाम्पा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के निवास पहुंच कर उनके अनुज स्व. शेखर चंदेल के दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे व नैला में स्थित मां दुर्गा पूजा महोत्सव में शामिल होकर खोखरा में देवी दर्शन के बाद सक्ती में मां महामाया देवी दर्शन व महिला जागृति एवं मित्र क्लब द्वारा आयोजित रास-गरबा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रात्रि विश्राम सारागांव में करेंगे। अगले दिन 8 अक्टूबर को गृहग्राम सारागांव में स्थानीय जनों से भेंट कर रायपुर के लिए रवाना होंगे।

# 177 कुष्ठ के संभावित पीड़ितों की हुई पहचान

**कोरबा।** कुष्ठ रोग नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार जतन किया जा रहा है। किसी भी क्षेत्र में संक्रमित व्यक्तियों की पहचान होने पर उनके साथ-साथ परिवार और आसपास के लोगों को एक महीने तक दवाई दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को जागरूक किया है की हवा के माध्यम से भी इस रोग का फैलाव होता है इसलिए जरा बचकर रहे ।

हवा में मौजूद खतरनाक तत्वों के कारण कुष्ठ की स्थिति उत्पन्न होती है और फिर यह लोगों के शरीर में विकृति पैदा कर देता है। इसकी रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग क्रमिक रूप से अभियान चला रहा है। कोरबा जिले में बड़े स्तर पर अभियान चलाने के साथ संभावित और संदिग्ध मरीजों की खोज की जा रही है। जिला लेप्रोसी अधिकारी ने बताया कि अब तक 177 केस सामने आए हैं। मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से चिनांकन संबंधी प्रक्रिया की जा रही है। बताया गया कि ऐसी पीड़ितों को नियमित दवाएं लेने को कहा गया है। जबकि उनके परिवार और मोहल्ले के लोगों को भी दवा लेने के निर्देश दिए गए हैं क्योंकि कुष्ठ का संक्रमण हवा के जरिए फैलता है।

बड़े स्तर पर स्वास्थ्य विभाग कुष्ठ को लेकर अभियान संचालित कर रहा है। इसके क्या कुछ लक्षण हो सकते हैं, इस बारे में मैदानी अवल को ज़रूरी सामग्री दी गई है। लोगों को जागरूक करने में इसकी अपनी विशेष भूमिका है। विभिन्न प्रकार के बदलाव और सामाजिक जन जागरण के बाद भी न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि देश में बीमारियों के मामले में पीड़ितों से पर्याप्त दूरियां बनी हुई हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग जरूर कहता है कि बहुत सारी बीमारियां छूने से नहीं होती लेकिन जहां पर हवा बीमारी को बढ़ा सकती हैं वहां तो लोगों को सतर्क रहना ही होगा।

### सफाई कर्मी हादसे में घायल

**कोरबा।** कोरबा के दर्री स्थित अयोध्यापुरी बस्ती में शनिवार की सुबह करीब 11 बजे उस वक्त विवाद की स्थिती निर्मित हो गई,जब एक ऑटो चालक ने जानबूझकर एक महिला सफाईकर्मी के वाहन को टक्कर मार दी,जिससे कचरे से भरा वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और पूरा कचरे मौके पर ही फैल गया। इस घटना के बाद सफाईर्मियों में आक्रोश का माहौल पैदा हो गया और वे ऑटो चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग पर अड़ गई। बताया जा रहा है,कि महिला सफाई कर्मी डोर टू डोर कचरा इकट्ठा कर लौट रही थी,तभी यह हादसा हो गया। मार्ग संकरा होने के कारण इस तरह की स्थिती निर्मित हुई।

# अवधूत आश्रम ने जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई आवश्यक सामग्री



**बालकोनगर।** विश्व वृद्धजन दिवस के अवसर पर अवधूत भगवान राम सेवाश्रम, बालकोनगर की ओर से नवदृष्टि द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों को मच्छरदानी वितरित किए गए। इसके अलावा कोरबा के 100 बेड हॉस्पिटल के मरीजों को भी मच्छरदानी दिए गए। अवधूत भगवान राम सेवाश्रम के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित अभियान के बारे में बालकोनगर शाखा महामंत्री श्री संतोष शांडिल्य ने बताया कि जरूरतमंदों की सेवा की दृष्टि से समय-समय पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। दु:ख से पीड़ित लोगों की मदद और उन्हें सन्मार्ग की ओर प्रेरित करने के लिए अवधूत भगवान राम सेवाश्रम के स्वयंसेवी सदैव तत्पर हैं।

मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम में बालको के पूर्व कार्यकारी निदेशक श्री पी.एन. शर्मा, उनकी धर्मपत्नी एवं अवधूत भगवान राम सेवाश्रम बालकोनगर की संरक्षक श्रीमती इंदु शर्मा, संयुक्त मंत्री श्री सत्येंद्र दुबे एवं श्री संजय मालगे, श्रीमती हेमलता शांडिल्य, श्रीमती राजकुमारी देवांगन सहित आश्रम के अनेक स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट भागीदारी की।

### पार्षद ने जल स्वच्छता पर जोर दिया

**कोरबा।** मानव की दैनिक आवश्यकता के लिए पानी को महत्वपूर्ण माना जाता है। विभिन्न कार्यों के लिए इसकी उपयोगिता सुनिश्चित हो रही है। ऐसे में जल स्वच्छता के सिद्धांत पर जोर दिया जा रहा है। इन सब के बीच औद्योगिक नगर कोरबा में डेंगूरनाला के प्रदूषित पानी को हसदेव में मिलाने से समस्या उत्पन्न हो रही है। नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल और नरेंद्र देवांगन ने बताया कि जल की शुद्धता और स्वच्छता के लिए प्रयास होना चाहिए। इसके लिए जन जागरण भी किया जा रहा है।

### रक्तदान शिविर में कई लोगों ने सरोकार दिखाए,55 वीं बार दिया रक्त

**कोरबा ।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर लोक अभियोजक राजेंद्र साहू ने 55वीं बार रक्तदान किया। वे प्रत्येक 6 महीने में एक बार रक्तदान करते हैं और चैत्र व शारदीय नवरात्रि की प्रथम तिथि को मानव सेवा के लिए रक्तदान करते हैं।


राजेंद्र साहू को रक्तदान के लिए जिला स्तर पर 'रक्त वीर', राष्ट्रीय स्तर पर 'समाज रत्न' और 'निराला स्मृति सम्मान' से सम्मानित किया गया है। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया है। राजेंद्र साहू ने कहा की जब तक शरीर साथ देगा, मैं रक्तदान हेतु संकल्पित रहूंगा।

# रबी फसल को बचाने की चिंता बढ़ी पसान क्षेत्र में

## काफी समय से हाथी है सक्रिय

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत वन मंडल कटघोरा के पसान रेंज में झुंड से अलग होकर घुम रहा दंतैल निगरानी दल को भी चकमा दे रहा है। जानकारी के अनुसार निगरानी दल सरमा जल्के मार्ग पर खड़े होकर लोगों को सतर्क करता रहा, लेकिन दंतैल हाथी धान खाने के लिए खेत में पहुंच गया। हाथियों का झुंड अभी जंगल की बीच में ही धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन दंतैल हाथी से डर बना हुआ है। दंतैल कभी भी ग्राम में घुस जाता है। इसकी वजह से रोज वन विभाग दल को 15 से अधिक ग्रामो में मुनादी करनी पड़ रही है। 48 हाथी अलग से घुम रहे हैं। हाथी कोरबी के आसपास ही अधिक समय बिता रहे हैं। इसका मुख्य कारण बांगो का डूबान क्षेत्र होना बताया जा रहा हैं।

# आरएसएस नगर में केदारनाथ मंदिर की थीम पर बन रहा पूजा पडाल




**कोरबा।** कोरबा के आरएसएस नगर में सार्वजनिक स्तर पर दुर्गा पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसके लिए बड़ा बजट तैयार किया गया है कुशल कारीगर यहां केदारनाथ मंदिर का मॉडल तैयार कर रहे हैं। इसके भीतर आदि शक्ति दुर्गा की प्रतिमा विराजित होगी और उनकी पूजा अर्चना की जाएगी। दुर्गा पूजा उत्सव समिति के पदाधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष यहां आदि योगीनाथ की थीम पर मंडप बनाया गया था। इस वर्ष का पंडाल लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेगा।

# नवरात्र पर्व पर दर्शन पूजन के साथ गरबा की धुन



**कोरबा।** नवरात्र का आगाज होने के साथ ही पूरे कोरबा जिले में गरबा रास की धूम मची हुई है। पहले दिन से ही सभी प्रमुख पूजा पंडालो में मां दुर्गा को समर्पित गरबा रास का आयोजन किया जा रहा है। शाम से शुरु होने वाला गरबा रास का यह आयोजन देर रात तक चलता है जहां हर वर्ग के लोग माता की भक्ति झूमते गाते हुए नजर आते है।

समय हो शारदेय नवरात्र का और गरबा रास की बात न हो,एसा हो ही नहीं सकता। क्वांर नवरात्र के पहले दिप से ही पूरा कोरबा जिला शक्ति की आराधना में जुट गया है। विभिन्न समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल तैयार कर,मां आदिशक्ति की प्रतिमा विराजित कर मां की उपासना की जा रही है। इस दौरान गरबा रास का आयोजन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। राजेंद्र प्रसाद नगर फेस वन में पिछले 32 सालों की तरह इस साल भी भव्य पंडाल तैयार कर मां की प्रतिमा स्थापित की गई है,जहां शाम ढलते ही गरबा रास का आयोजन शुरु हो जाता है,जो देर रात तक चलता है।गरबा रास के आयोजन को लेकर एमपी नगर दुर्गोत्सव समिती पूरे शहर प्रसिद्ध है। हर साल यहां गरबा रास का भव्य आयोजन होता है,जहां सैकड़ों की संख्या में युवक और युवतियां हिस्सा लेती है। समिती की तरफ से यहा आकर्षक पुरष्कार की व्यवस्था की जाती है। गरबा रास के आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरष्कार भी दिया जाता है।शिवाजी नगर भी गरबा रास के आयोजन के लिए काफी प्रसिद्ध है। स्थानीय समिती के द्वारा यहां गरबा रास का आयोजन किया जाता है,जहां युवाओं की काफी भीड़ रहती है। यहां पर भी देर रात तक गरबा रास का आयोजन चलता है,जहां लोगों का उत्साह चरम पर रहता है।कोरबा के तुलसी नगर में भी दुर्गोत्सव का उत्साह लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। स्थानीय समिती के द्वारा इस आयोजन को पिछले 25 वर्षों से किया जा रहा है,जिसे लेकर हर वर्ग काफी उत्साहित नजर आ रहा है। मां दुर्गा की पूरे विधी विधान से पूजा पाठ करने के बाद गरबा रास का आयोजन किया जाता है।

शाम से ही गरबा रास का आयोजन शुरु हो जाता है,जो देर रात तक चलता है। इसके साथ ही यहां भोग भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। टीपी नगर स्थित इंदिरा विहार दुर्गोत्सव समिती के द्वारा इस भर भव्य रुप से दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है। पिछले 21 सालों से यहां आदिशक्ति की उपासना की जा रही है।यहां पर बच्चों के लिए आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इतना ही नहीं शाम ढलते ही गरबा रास का दौर शुरु हो जाती है,जो देर रात तक चलता है।

नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक कोरबा जिला शक्ति की उपसाना में डूबा रहेगा। रोजाना कई तरह के आयोजन होते रहेंगे,इतना ही नहीं गरबा रास के आयोजन से सभी पूजा पंडाल रौशनमय होते रहेंगे।

# प्रकृति के साथ वैज्ञानिक आधार जुड़ा है करम पूजा से



**कोरबा।** विश्व के प्रथम आदिवासी शक्तिपीठ में बड़े धूमधाम से करम पर्व मनाया गया.यह पर्व प्रकृति-संस्कृति का जीवन दर्शन है. करम पर्व कर्म परिश्रम और भाग्य को इंगित करता है. मनुष्य नियमित रूप से अच्छे कर्म करे और भाग्य भी उसका साथ दे, इसी कामना के साथ करम देवता की पूजा की पूरे आदिवासी समाज के द्वारा की जाती है. यह पर्व भाद्रपद शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है. करम देवता की पूजा-अर्चना और प्रसाद ग्रहण के बाद रात भर करम देवता के चारों ओर घूम-घूम कर करमा नृत्य किया जाता है. महिलाएं गोल घेरे में शृंखला बनाकर नृत्य करती हैं और उनके मध्य में पुरुष परंपरागत वाद्य यंत्र बजाते है.

आदिवासी शक्तिपीठ में अनुष्ठान करवा रहे बैगा संतराम धनवार ने बताया कि कलमी वृक्ष आदिवासी समुदाय के लिए आराध्य वृक्ष हैं. वृक्ष की पूजा होती है,आदिवासी समुदाय अपने आराध्यों को प्रकृति में ही देखता है. इसके पीछे एक पुरानी मान्यता है जो अनादि काल चली आ रही है. वही परंपरा आज भी हम मना रहे हैं और पूरे विधि विधान से अपने करम देव की पूजा कर रहें है.

आदिवासी शक्तिपीठ के उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राज ने इस पर्व के बारे में बताया की आदिवासी समुदाय मूलत प्रकृति पूजक है. समाज द्वारा जो भी अनुष्ठान किए जाते हैं उसमें प्रकृति को सहेजने और प्रकृति द्वारा दी गई चीजों के लिए उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते है. इस करम डाल की पूजा के पीछे बहुत ही अच्छा कारण भी है. आपके कर्मों से ही आपको फल मिलता है. बीज बोने पर ही पौधा से वृक्ष बनता है और हमारी जरूरत का अनुरूप उसका उपयोग किया जाता है. लेकिन आदिवासी समाज ने समय बचाने और प्रकृति को सहेजने के लिए अनादि काल में ही वृक्ष की टहनी को काटकर लगाना शुरू कर दिया था, इसके फल स्वरूप उन्हें वृक्षों से जल्दी वन उपज मिलने लगे और समय की बचत के वृक्षों की संख्या भी बढ़ती गई. यही वजह है कि आज इस रूप में कलमी वृक्ष के टहनी को पूजा करने के बाद बिना हथियार के काटकर लाया जाता है. और उसे एक स्थान पर गाड़ दिया जाता है. समाज की महिलाएं पुरुष रात भर इस टहनी के आसपास पारंपरिक कर्म नृत्य करते हैं.रात भर पूरी आस्था और विश्वास के साथ पूजा करने गाड़ी गई टहनी के जड़ निकल आते है.धनवार समाज से आए पवन कुमार सिंह ने लोकल 18 को बतया की विश्व का सबसे पहले आदिवासी शक्तिपीठ कोरबा में स्थित है जहां आज बड़े ही धूमधाम से आदिवासी समाज के सभी लोग अपनी परंपरागत पर्व को मना रहे हैं. इस शक्तिपीठ में 33 जनजातीयों के इष्ट देवी-देवता विराजमान है. और सभी 33 जनजातियों द्वारा मिलकर यहां आयोजन किया जाता है जिससे कि समाज में एक जूता का परिचय देखने को मिलता है.पूजा की विधियों को देखें, तो उससे भी करम डाल की महिमा का पता चलता है. पूजा के दिन करम वृक्ष लाने के लिए पूरी श्रद्धा से युवा जाते हैं. करम की उस डाल पर जिसे पूजा के लिए लाना होता है, चावल की घुंडी से चिन्हित करते हैं. उसपर सिंदूर के तीन टीके लगाये जाते हैं. नये धागे को लपेटा जाता है.करम की डालियों को काटने से पहले उसे प्रणाम करते हैं. और फिर डाली को काटकर उसे सम्मान के साथ पूजा स्थल पर लाया जाता है. पूजा स्थल पर परिक्रमा के बाद डाल को जमीन पर स्थापित किया जाता है. बैगा पूजा सामग्रियों के साथ पानी, कच्चा धागा, सिंदूर, धुवन और आग की जांच करते हैं और फिर पूजा शुरू होती है. इसके बाद रात भर करम देव की सेवा की जाती है.

# हेलमेट से जीवन बचाने के संदेश के साथ राइडर्स निकले सड़क पर

**कोरबा ।** कोरबा अंचल के युवा इंजीनियर आलोक दिवाटे के नेतृत्व में आज कुछ बेहतर करते हैं का लक्ष्य लेकर एक बार फिर एक रोमांचक राइडिंग की गई। इस बार की बुलेट राइड द्ध7 महिलाओं सहित 42 साहसी रोर्स की टीम ने 700 किलोमीटर की रोमांचक राइड पूरी की। इस राइड का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ सड़क पर जिंदगी की सुरक्षा रखा था। इसमें सभी बाइकर्स को बाइक ड्राइव करते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना जरूरी है का संदेश दिया गया।मानव सेवा, राष्ट्रीयता, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर रोमांचक राइडिंग आयोजित करने वाले राइडर्स ग्रुप की ओर से एक नई पहल की गई है।

वन्य जीवन और प्रकृति को बचाएं की थीम पर राइड में मुख्य रूप से इंजीनियर आलोक दिवाटे, करतार सिंह, तपिश चौरे, गोगी, कवलजीत सिंह, आशुतोष, योर फोटोग्राफर शिवम नरडे व फेयरटेल स्वाति तिवारी समेत बड़ी संख्या में संख्या में राइडर्स शामिल हुए। यह राइड 27 सितंबर को कोरबा से निकली थी। 27 और 28 सितंबर को टीम ने कान्हा किसली के जंगल स्थित किंग रिसॉर्ट में स्टे किया। इस दौरान जंगल सफारी भी की और 29 सितंबर को कोरबा के लिए वहां से प्रस्थान किया। पहले दिन राइड की शुरुआत जश्न रिसॉर्ट में ब्रेकफास्ट से हुई।

# राजयोगी आज शहर में, लोगों का करेंगे मार्ग

**कोरबा ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानव उत्थान के लिए सतत् कार्यरत है। जिसकी शाखाएं 145 देशों में है। कोरबा नगर में पहली बार अस्ट्रेलिया से राजयोगी ब्रह्माकुमार पीटर डेमो द्वारा आकर्षक टॉक शो ब्रह्माकुमारी संस्थान के टी.पी. नगर के विश्व सद्भावना भवन में 6 अक्टुबर प्रात: 10 बजे से आयोजित होने जा रहा हैं। ब्रह्माकुमार पीटर डेमो जो कि संस्था में 48 वर्षों से अपनी ईश्वरीय सेवाएं दे रहे हैं। इन्होनें अस्ट्रेलिया के साथ साथ यूरोप के विभिन्न देशों में ईश्वरीय ज्ञान का अलख जगाया जिससे संस्था की कई शाखाएं मानवता की सेवा कर रही है। आप ने स्वास्थ व शिक्षा पर अपने व्याख्यान से अनेकों को लाभान्वित किया हैं। संस्था के आध्यात्मि चित्र प्रदर्शनी के बहुत सारे प्रकाशन के निमित्त बने, आप को फोटोग्राफी, बागवानी, कीचन एवं रिट्रीटस को सुचारू रूप से चलाने में महारत हासिल है। वर्तमान में आप 68 वर्षीय होते हुए भी देश विदेश में ईश्वरीय सेवा के प्रति सदैव तत्पर रहते है।

# पीएचई कॉन्ट्रेक्टर ने स्टेट हाईवे का कॉलर खोदा, लोनिवि ने थमाया नोटिस

## मनमानी की शिकायतें मिल रही लगातार

**कोरबा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन से लोगों के घरों तक पानी पहुंचाना है। कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर काम हो रहा है। खबर है कि पसान क्षेत्र में पीएचई से काम लेने वाले मिशन के कॉन्ट्रेक्टर ने स्टेट हाईवे की सड़क का कॉलर खोद दिया है। लोनिवि ने इस मामले में उसे नोटिस थमाया।

कटघोरा से पसान स्टेट हाईवे में ग्राम तुमान और जटगा के बीच में जलजीवन मिशन में कार्यरत ठेका कंपनी जो कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य कर रही है। कंपनी के ठेकेदार इस मामले में मनमानी कर रहा है। मुख्य सड़क मार्ग के दोनों कॉलर को खोद दिया गया, जो कि नियमानुसार गलत है। सड़क के सेंटर से 12 मीटर तक कोई भी खुदाई नही करनी है। ठेकेदार की मनमानी जारी है। उसके निर्देश पर कामगारों ने सड़क के दोनों कॉलर को ही खोद डाला। जबकि नियम कहता है की सड़क का कालर सड़क का बेस होता है। लेकिन इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नहीं है। शासन की सबसे महत्वपूर्ण योजना जलजीवन मिशन



पर कोरबा जिले में जिस तरह ठेकेदार द्वारा गड़बड़ी की जा रही है उससे कई सवाल पैदा हो रहे है। कहा जा रहा है कि जिन क्षेत्रों में पाईप लाईन बिछाने से लेकर दूसरे काम हो रहे है। क्या उस तरफ लोक निर्माण विभाग को निगरानी करने की फूर्सत है भी?

## वन विभाग की जमीन भी निशाने पर

बताया गया कि इस इलाके में जल जीवन मिशन के ठेकेदार फारेस्ट लैंड में भी खुदाई कर अपनी मनमर्जी कर रहे हैं। ग्राम डूमरमुड़ा में बीटीएल कंपनी के ठेकेदार द्वारा फारेस्ट लैंड में जेसीबी मशीन से खुदाई की जा रही है। लेकिन फ़ॉरेस्ट अधिकारी भी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे हैं। ऐसा लगता है कि ठेकेदार ने अपनी योजना को परवान चढ़ाने के लिए उच्च स्तर पर सांठगांठ कर रखी है।

## सुधार कराना होगा एक सप्ताह में

जल जीवन मिशन के लिए काम कर रहे कॉन्ट्रेक्टर ने पसान क्षेत्र में हमारी सड़क को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। यह विषय हमारे संज्ञान में है। इसे गंभीरता से लेने के साथ ठेकेदार को नोटिस दिया गया है। उसे एक सप्ताह के भीतर प्रभावित क्षेत्र में सुधार कार्य कराना होगा। अन्य मामले में उस पर कार्यवाही की जायेगी।

**नित्या ठाकुर, एसडीओ लोनिवि, कटघोरा**



## छत पसंद नहीं हैं देवी मां को

**कोरबा।** जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर दूर स्थित कोसगाईगढ़ को छत्तीसढ़ में से एक गढ़ माना जाता है। यहां पहाड़ पर निर्मित दुर्ग किला में कोसगाई देवी का मंदिर है। आम तौर देवी मंदिरों में लाल ध्वज चढ़ाया जाता है। कोसगाई जिले का एक ऐसा मंदिर है, जिसमें गुंबद नहीं है। जनश्रुति के अनुसार देवी बिना छत्र छाया के रहना पसंद है। मंदिर में सफेद ध्वज का चढ़ावा होता है, इस वजह से इसे शांति का प्रतीक माना जाता है। 600 फीट ऊंचे पहाड़ के ऊपर प्रतिवर्ष चैत्र और क्वांर नवरात्र में ज्योतिकलश प्रज्वलित की जाती है। नवरात्र के शुरूआत से ही यहां भक्तों की कतार लगी हुई। प्रकृति की गोद निर्मित किला की अन्य विशेषताएं भी हैं। पहाड़ 50 फीट की ऊंचाई में स्थित भीम सेन की प्रतिमा दर्शनीय है।

## सेफ्टी सदस्य ने खदान का किया निरीक्षण

**कोरबा।** पिछले दिनों गेवरा खदान में एक दुर्घटना हो गयी थी, जिसका निरीक्षण करने के लिए कंपनी सेफ्टी सदस्य संजय सिंह पहुंचे थे। उन्होंने अधिकारियों व भामंस के प्रितम राठौर के साथ खदान का निरीक्षण करते हुए कोयला कामगारों से मुलाकात की और कई बिंदुओं पर चर्चा करने के बाद रिपोर्ट सौंपने की बात कही जा रही है। खदान में दुर्घटना होने पर कंपनी के सेफ्टी सदस्य घटना स्थल का निरीक्षण करते है।

## कोयला प्रभारी रेड्डी कल लेंगे बैठक

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ के कोयला प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी कल बिलासपुर में एसईसीएल समन्वय समिति की बैठक लेंगे। इस बैठक कोरबा जिले से अश्वनी मिश्रा, अशोक सूर्यवंशी, टिकेश्वर राठौर, अमिया मिश्रा, प्रितम राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होंगे। यहां पर आगे की रणनीति बनाई जायेगी। 14 अक्टूबर को दंतोपंत ठेंगड़ी के पूण्यतिथि पर सभी क्षेत्रों में अलग-अलग कार्यक्रम करने के दिशा-निर्देश दिये जायेंगे। इसके अलावा तीन स्थानों पर सम्मेलन भी आयोजित किये जाने है। इसके लिए भी चर्चा की जायेगी।

## बिजली कर्मियों का प्रदेशव्यापी आंदोलन 16 को

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी संघ ने कई मांगों को लेकर मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा था। मांग पूरी नहीं होने पर अब विद्युत मंडल के सभी संयंत्रों के सामने 16 अक्टूबर को प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भामंस के जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया कि आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी गई है। दर्री क्षेत्र में राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल, हेतराम खुंटे, वैयंकट राव, मदनमोहन पाण्डेय, केदार राठौर के नेतृत्व में आंदोलन होगा। कोरबा पूर्व में संदीप राठौर, पूर्णिमा साहू, यशवंत राठौर, श्याम सुंदर खुंटे आंदोलन की तैयारी कर रहे है। प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ का कहना है कि आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी सब स्टेशन व वितरण क्षेत्रों में 7 से जन-जागरण अभियान शुरू किया जायेगा, ताकि आंदोलन को बड़ा बनाया जा सके।

## बांकीमोंगरा मंडल में 7 को होगा रथ यात्रा

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जिले में सदस्यता अभियान जोर-शोर से चलाई जा रही है, जिसके तहत युवा मोर्चा के द्वारा सदस्य बनाने सभी मंडलों में रथ यात्रा निकाली जा रही है। बांकीमोंगरा मंडल में रथ यात्रा 7 अक्टूबर को पहुंचेगी, जिसके स्वागत की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। बाजार व शॉपिंग सेंटर में नये लोगों को जोड़ा जायेगा। इस तैयारी में मनीष मिश्रा, हनुमान पाण्डेय, मुकूल कर्ष, बॉबी गभेल, लखन राठौर, विनोद राजपूत, अश्वनी साहू सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए है। रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए युवा मोर्चा सदस्यता प्रभारी सुभाष राठौर ने सभी कार्यकर्ताओं को मौके पर रहने कहा है।

## खदान पहुंच मार्ग को ठीक करने पर हुई चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुण्डा खदान तक मार्ग को ठीक करने की मांग की गई ताकि कोयला कामगारों को आने-जाने में सुविधा हो और कोयला उत्पादन को बढ़ाया जा सके। बीकेकेएमएस की आईआर बैठक में इस मामले को जोर-शोर से उठाया गया। जिसमें कहा गया कि कुसमुण्डा क्षेत्र में अनेकों समस्याएं है। सण्डे डियूटी में भेदभाव पदोन्नत चिकित्सालय में सुविधा सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आने वाले दिनों में सड़क मार्ग को ठीक करने की मांग करते हुए कहा गया कि बरसात का मौसम समाप्त हो चुका है। इस कार्य को तत्काल किये जाने की जरूरत है। बैठक में हिरेंद्र चंद्रा, अमिया मिश्रा, राहुल वर्मा, मोरध्वज भार्गव, जशवंत साहू ने भी डिस्पेंशरी में सुविधाएं बढ़ाने की मांग की और कहा कि भारी वाहन चलने से कालोनी में धूल प्रवेश कर रहे है। पानी का छिड़काव किया जाये। इसी तरह क्लबों में भी सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत है।



## एक महीने की प्रतीक्षा के बाद धड़ाम होंगे सब्जियों के भाव

**कोरबा।** इस सीजन में लोगों को महंगी सब्जियां लेनी पड़ रही हैं। कारण है आवक का बाहर से उपलब्ध होना। कारोबारियों ने बताया कि लोकल आवक ना के बराबर है, इसलिए समस्या है। अभी टमाटर 80 रूपए प्रति किलो बिक रहा है तो आलू व प्याज इससे कुछ नीचे हैं। ठंड के सीजन में यही चीजें काफी कम कीमत पर लोगों को उपलब्ध होती है। बताया गया कि टमाटर की फसल अब परिपक्वता की स्थिति में लेकिन इसके लिए कम से कम एक महीने की प्रतीक्षा तो करनी होगी। उस समय तक लगभग सभी सब्जियां तैयार हो जाएंगी और ये बाजार में पहुंच जाएंगी। लोकल आवक के साथ सब्जियों के भाव जमीन पर पहुंचेंगे। तब कहीं जाकर लोगों को राहत मिलेगी।

## पब्लिक ट्रांसपोर्ट की जांच की पुलिस ने

**कोरबा।** पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा सजग कोरबा अभियान के तहत पुलिस टीम ने बीती रात कटघोरा एवं कोरबा बस स्टैंड का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें दीगर राज्य से आने वाले बसों को बारीकी से चेक किया गया जिसमें बस में बैठे यात्रियों एवं उनके सामानों को चेक किया गया की उसमें किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक सामान तों नहीं है। आगामी आने वाले त्यौहार को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा एवं अन्य जिलों से आने वाली वाहनों को रात्रि में पुलिस के द्वारा चेक किया गया। टीम के द्वारा कटघोरा बस स्टैंड, कोरबा के नया बस स्टैंड एवं पुराना बस स्टैंड में आने जाने वाली यात्री बसों को चेक किया गया। और 30 मुसाफिरी भी दर्ज की। पुलिस टीम के द्वारा आगे भी सजग कोरबा अभियान के तहत शहर वासियों को सुरक्षित करने के लिए इस तरीके का अभियान लगातार चलते रहेगा।

# पोड़ी गोसाई में पुलिस ने लोगों को घटनाओं से बचाने कोशिश की




**कोरबा।** सजग कोरबा अभियान में साईबर क्राइम, नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान, अभिव्यक्ति ऐप, मैत्री महिला सुरक्षा हेल्पलाइन एवं यातायात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

चौकी जटगा पुलिस के द्वारा क्षेत्र के ग्राम पौड़ी गोसाई में बालिकाओं व महिलाओं को अभिव्यक्ति ऐप और मैत्री हेल्पलाइन के संबंध में जानकारी दिया जा रहा है एवं महिलाओं को किन-किन परिस्थितियों में इस ऐप का इस्तेमाल करना है और इसके क्या-क्या फायदे हैं। उसके बारे में भी पुलिस के द्वारा बताया एवं समझाया जा रहा है।साथ में नशा के ख़िलाफ़, यातायात नियम और साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। सर्वमंगला मंदिर, मड़वारानी मंदिर, चैतुरगढ़ मंदिर, गरबा स्थल और दुर्गा पंडालों में ऑडियो चलाकर और सजग कोरबा के बैनर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कोरबा पुलिस के द्वारा सजग कोरबा के तहत व्हाट्सऐप, फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है।

## एसएमएस ने सुरजीत को बनाया कार्यवाहक अध्यक्ष



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कुसमुंडा क्षेत्र मैं ट्रेड यूनियन एचएमएस के द्वारा कई प्रकार के परिवर्तन संगठन स्तर पर किए गए हैं। सुरजीत सिंह हैप्पी को कुसमुंडा एरिया का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन के बारे में एसईसीएल प्रबंधन के मुख्य महाप्रबंधक सहित अन्य संबंधित को जानकारी भेज दी गई है। क्षेत्रीय महामंत्री अरुण झा ने बताया कि इससे पहले क्षेत्र में जो जिम्मेदारी बृजलाल पनिका के पास थी उन्हें अनुशासनात्मक कारणों से हटा दिया गया है। नव नियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष से अपेक्षा की गई है कि वह संगठन के हित में अपनी बेहतर भूमिका का निर्वहन करेंगे। क्षेत्रीय महामंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि खेल और सांस्कृतिक विभाग के मुखिया अब संतोष कुमार होंगे। इससे पहले इस दायित्व को विनय स्वर्णकार निभा रहे थे, जिन्हें पद से मुक्त कर दिया गया है।



डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-2 में दुर्गा पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां गरबा का आयोजन खास है जिसमें काफी संख्या में बालिकाओं से लेकर महिलाएं हिस्सा ले रहे हैं। इनके लिए पुरस्कार की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की गई है। सत्या जायसवाल को इस कार्यक्रम का समन्वय करने की जिम्मेदारी मिली हुई है।

## समस्याओं ने बढ़ायी लोगों की परेशानी

**कोरबा।** नगर के बुधवारी बाजार क्षेत्र में कई प्रकार की समस्याएं कायम है। जिसके चलते नागरिक परेशान हैं। यहां के भीतरी हिस्से में सड़कें टूटफूट के शिकार हैं तो अरसे से नालियों की सफाई नहीं हुई है। बार-बार ध्यान दिलाने के बाद भी इस तरफ कार्रवाई नहीं हो रही है। नागरिकों ने बताया कि बारिश के दौरान कई प्रकार की परेशानियां खड़ी हुई थी। उस समय काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वर्तमान में भी दुष्वारियां भी कायम है। नगर निगम स्तर पर अवगत कराने पर भी इसका खास असर नहीं हो सका।




# ओज, हास्य और श्रृंगार की रचनाओं से कवियों ने छोड़ी छाप

**गेवरा दीपका।** 5 अक्टूबर को दीपका के हाई स्कूल मैदान में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर के प्रसिद्ध कवियों ने अपनी शानदार कविताओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। मंच का संचालन रतलाम मध्य प्रदेश से आए कवि धमचक मुल्तानी ने किया। उन्होंने एक से बढ़कर एक खूबसूरत कविताओं से श्रोताओं का दिल जीत लिया।कार्यक्रम का प्रारंभ सम्मानीय अतिथियों और कवियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ माता सरस्वती की अर्चना द्वारा हुआ।

सम्मेलन में खरसिया से प्रिया दुबे, अमरावती से मनोज मद्रासी, रायपुर से रमेश विश्वहार, पश्चिम बंगाल से श्यामल मजूमदार, और मुंगेली, छत्तीसगढ़ से ओज के कवि देवेंद्र परिहार ने शिरकत की। सभी ने अपनी-अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। अमरावती से आए कवि मनोज मद्रासी ने कहा महिला घर को सजाती है, नहीं तो घर को सजा देती है, जिससे श्रोताओं में काफी उत्साह देखा गया। वहीं रायपुर के हास्य कवि रमेश विश्वहार ने अपनी बुलंद आवाज के साथ भगवान राम पर लिखी अपनी कविता से खूब तालियां बटोरी। मुंगेली के कवि देवेंद्र परिहार ने देशभक्ति और नारी सम्मान के इतिहास पर रोंगटे खड़े कर देने



वाली ओजस्वी कविताएँ सुनायी। खरसिया से पधारी कवियत्री प्रियंका प्रिया ने माँ सरस्वती हमें तू ऐसा वरदान दे प्रार्थना गीत से प्रारंभ कर श्रृंगार के मधुर गीत और मुक्तक सुनाए। रतलाम के धमचक मुल्तानी की हास्य व्यंग्य कविताओं ने पूरी सभा को हँसने- खिलखिलाने का पूरा माहौल दिया, उनके कुशल संचालन से पूरे कार्यक्रम के दौरान स्रोताओं में हँसी के फव्वारे छूटते रहे। कोरबा जिले की दीपका में रहने वाली लेखिका और कवित्री भुवनेश्वरी जायसवाल ने अपनी कविता के माध्यम से महिलाओं के हक की बात की। उनकी कविताओं ने श्रोताओं को बहुत प्रभावित किया। मंच संचालन कर रहे धमचक मुल्तानी ने भुवनेश्वरी जायसवाल की तारीफ करते हुए उन्हें घर के आंगन की तुलसी कहकर प्रशंसा किया। कवि सम्मेलन कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेता ज्योति नंद दुबे को मंच पर बुलाया गया। श्री दुबे ने छत्तीसगढ़ी अंदाज में अपनी कविता भारत देश सोन चिरैया है सुनाई, जिसमें उन्होंने देश की एकता और सुरक्षा का संदेश दिया। इस कवि सम्मेलन के प्रमुख सूत्रधार नगर पालिका के सीएमओ राजेश कुमार गुप्ता थे जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सीएमओ श्री गुप्ता ने कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। इस कवि सम्मेलन में प्रमुख रूप से राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्योति नंद दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष संतोषी दीवान, संगीता दुबे, श्रमिक नेता रेशम लाल यादव, सत्य प्रकाश शर्मा, अनिरुद्ध सिंह,रजनीश तिवारी,अनूप यादव, मुकेश जायसवाल, विशाल अग्रवाल, सुजीत सिंह, आनंद चौकसे, रोहित जायसवाल, संगीता साहू, राजेंद्र साहू, मनोज महतो,सुशील तिवारी, प्रदीप जायसवाल, हेमचंद्र सोनी, भवदीप दुबे, मनोज दुबे, हितेश अग्रवाल, संतोष गुप्ता,अमित सर, मनोज अग्रवाल, आरती महतो, भावना महतो,सावित्री जायसवाल, सौरभ,अद्विका, नगर पालिका के इंजीनियर मधुकर यादव, प्रियदर्शनी सोनी, मोहम्मद अनीस, मुकेश दुबे, अनय जायसवाल, और सचिन तेलंग जैसे गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में कवि धमचक मुल्तानी ने सभी कवियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दी गई प्रस्तुतियों ने न केवल श्रोताओं का मनोरंजन किया बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संदेश भी दिया, जो इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। कवि श्यामल मजूमदार ने बड़े रोचक और सहज ढंग से व्यंग्य पढ़ कर श्रोताओं को अभिभूत कर दिया।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com